हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.6 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

12 जीवन में सफलता का अर्थ उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग : डॉ. शकील



13 राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद ने औसर पंचायत की स्वच्छता को सराहा





## खबर संक्षेप

### गांजा प्रकरण का फरार आरोपी पकड़ा गया

**भिलाई।** गांजा प्रकरण के फरार आरोपी सत्येंद्र कुमार उर्फ संजू बिहारी पिता वासुदेव पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी जिला देवरिया ग्राम मूर्तिपुर टिकैत हाल मुकाम अटल विहार ग्राम परसदा थाना कुम्हारी जिला दुर्ग को पकड़ने में उतई पुलिस ने सफलता पाई है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने कार, स्कूटी, मोबाइल फोन, घर के पेपर को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस मामले में 4 आरोपी पूर्व में गिरफ्तार हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार दुर्ग पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा के उतई प्रकरण के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना उतई में 16 व 17 अक्टूबर को 4 आरोपियों सिद्धार्थ मेश्राम, यनशु वर्मा, विजयकांत वर्मा और संजीव वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। प्रकरण में अन्य आरोपी सत्येंद्र कुमार उर्फ संजू बिहारी फरार चल रहा था। उतई पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपी सत्येंद्र कुमार उर्फ संजू बिहारी अपने घर में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस आरोपी के निवास स्थान ग्राम परसदा कुम्हारी में जाकर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी ने बताया कि मादक पदार्थ गांजा को उड़ीसा से लाता था और उसके साथी आरोपियों के द्वारा मांगने पर उन्हें बिक्री किया जाता था। गांजा बिक्री की रकम से कार, स्कूटी, मोबाइल खरीदना तथा घर व शेष रकम को अपने दैनिक जीवन में खर्च करना बताया। सत्येंद्र कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### 100 नंबर के प्रश्नों को हल करने मिले दो घंटे, कम्प्यूटर के सवालों ने उलझाया

# देर से पहुंचने पर नहीं मिली एंट्री तो मचाया हंगामा, स्कूल गेट का पत्थर से तोड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 (डब्ल्यूआरडीए) की परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक परीक्षा चली। जिले के 77 केन्द्रों में आयोजित इस परीक्षा में करीब 28 हजार अभ्यर्थी शमिल हुए।

परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले ही परीक्षार्थियों को केंद्र पहुंचना पड़ा। उसके बाद उनका फोटोयुक्त पहचान पत्र से सत्यापन किया गया। इस बीच स्टेशन रोड दुर्ग स्थित सनशाइन हायर सेकंडरी स्कूल के बाहर कुछ अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा मचाया। वे एंट्री नहीं मिलने से नाराज थे। उन्होंने कपड़ा उतारकर प्रदर्शन किया। इस बीत स्कूल के गेट में लगे तालों को भी पत्थर से तोड़ दिया। बाद में पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। इधर परीक्षा में कंप्यूटर से जुडे कई सवाल पूछे गए। मसलन केवल सीपीयू इनपुट और आउटपुट उपकरणों के बिना कोई उपयोगी कार्य नहीं कर सकता। इसी तरह एक डीवीडी लगभग कितने डेटा को सीडी की तुलना में संग्रहित कर सकती है। सामान्य अंग्रेजी व्याकरण से संबंधित भी सवाल पूछे गए। जिनमें से चार में से एक विकल्प चुनने के लिए दिया गया था। द लाईफ हिस्ट्री ऑफ ए मैन रिटन बाई हिमशेल्फ के चार आंसर में से एक आंसर पर टिक करना था। व्हॉट इमेजेस मी हिस एबिलिटी टू हिट द बॉल सो हार्ड के प्रश्न के बीच में खाली स्थान पर वॉस, वेयर, इज और एयर जैसे चार विकल्प में से एक को चुनने कहा गया था।



### स्कूल में हंगामे की वजह से एग्जाम हुआ प्रभावित

जानकारी के मुताबिक सनशाइन स्कूल के बाहर हुए हंगामे के बाद परीक्षा भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुई। बाद में मोहन नगर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने नहीं दिया गया। प्रबंधन के मुताबिक उनकी गलती नहीं है, उन्होंने शासन की गाइडलाइन के अनुरूप ही एग्जाम कंडक्ट किया। बता दें कि परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षार्थियों को 2 घंटे पूर्व बुलाया गया। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। इस वजह से लेट से पहुंचे परीक्षार्थियों को परेशानियां उठानी पड़ी।

### दो घंटे में हल करने दिए 100 अंक के प्रश्न

व्यापमं ने अमीन भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को सवाल हल करने के लिए दो घंटे दिए थे। इस घंटे में 100 अंक के सवाल हल करना था। परीक्षा देकर जब केंद्रों से अभ्यर्थी निकले तो किसी के चेहरे पर खुशी थी तो किसी के हाव भाव से ऐसा झलक रहा था कि पेपर अच्छे नहीं गए। अभ्यर्थियों ने बताया कि परीक्षा में उलझाऊ सवाल थे जिसकी वजह से दिक्कतें उठानी पड़ी। हिन्दी माध्यम वालों के लिए हिन्दी में और अंग्रेजी माध्यम वालों के लिए अंग्रेजी में सवाल पूछे गए थे।

### आधी बांह वाले कपड़े पहनकर दी परीक्षा

व्यापमं ने इस बार नए नियम भी बनाए थे। जिसके हिसाब से परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित किया गया था। लेकिन जानकारी के अभाव कई अभ्यर्थी इन रंगों के कपड़े पहनकर आ गए थे। ऐसे लोगों को लौटना पड़ा। कई लोग दूसरे के शर्ट पहनकर आए और फिर केंद्र के भीतर पहुंचे।



### पारा 10 डिग्री पर ठिठुरते पहुंचे अभ्यर्थी

व्यापमं ने ठंड होने के बाद भी जैकेट और ब्लेजर पूर्णतः प्रतिबंधित लगाया था। केवल साधारण स्वेटर वह भी बिना पॉकेट) की अनुमति थी। ट्विनसिटी का पारा 10 डिग्री था इसलिए कड़ाके की ठंड में अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी पड़ी। जो लोग स्वेटर पहनकर आए थे उनका स्वेटर उतारकर सुरक्षा कर्मियों ने जांच की। उसके बाद भीतर प्रवेश दिया गया।

## अपराधों में अंकुश लगाने गया नगर में खुला पुलिस सहायता केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




शहर में अपराधिक घटनाओं कि दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल गया नगर में पुलिस सहायता केंद्र खोला गया है। जहां आपराधिक घटनाओं की शिकायत दर्ज होगी। 24 घंटे पुलिस सेवा उपलब्ध रहेगी। बता दें कि लम्बे समय से पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग हो रही थी। इसके बाद राज्य शासन ने स्वीकृति प्रदान की है। गया नगर वार्ड 4 के पुराने मुक्तिधाम परिसर स्थित जिम भवन में पुलिस सहायता केंद्र खोला गया है। पार्षद लीना दिनेश देवांगन ने इसे कानून व्यवस्था को दृष्टि से हुए सार्थक पहल बताया। कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव एवं जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।बता दें कि असमाजिक तत्वों द्वारा आए दिन किए जाने वाले उपद्रव तथा नशाखोरी के खुलेआम कारोबार के कारण अपराधिक घटनाएं बढ़ रही थी। पुलिस सहायता केंद्र के जरिए राजीव नगर, उरला, रामनगर, गिरधारी नगर, बैगापारा, मठपारा, सारथी पारा, केजू राइस मिल क्षेत्र नयापारा सहित अन्य जगहों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री


916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## ट्विनसिटी में भीख मांगने वाले बच्चों का चलाया जा रहा रैकेट, आयोग की अध्यक्ष ने पकड़ी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में बच्चों से भीख मांगने वाले बच्चों का रैकेट सक्रिय है। बच्चों को 200 रुपए की रोजी में भीख मंगवाया जा रहा है। इस कार्य में अलग-अलग लोग लगे हुए हैं। राज्य बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने यह गड़बड़ी पकड़ी। रविवार की शाम वे किसी काम से सिविक सेंटर पहुंची हुईं थी।

जहां सबसे पहले दो साल की बच्ची उनके पास पहुंची। डॉ. शर्मा ने उस बच्ची से बात की।

- सिविक सेंटर में 5 बच्चों का किया गया रेस्क्यू, चाइल्ड लाइन और डीपीएम को फटकार

बातचीत के दौरान बच्ची ने डॉ. शर्मा को कई जानकारी दी। इसके बाद देखते ही देखते 4 से 5 बच्चे मौके पर पहुंच गए। डॉ. शर्मा ने उनसे बात की। इस दौरान एक 22 वर्ष की लड़की भी पहुंची। चर्चा के बाद वह भाग निकली। इस बीच डॉ. वर्णिका शर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी आरके जामुलकर, एएसपी सुखनंदर राठौर, बाल कल्याण समिति सदस्यों को फोन पर घटना की जानकारी दी। सभी मौके पर पहुंचे। इसके बाद पांचों बच्चों की पहचान का सत्यापन किया गया। जानकारी के एक महिला भी पहुंची, जिसने 4 बच्चों को अपना बच्चा बताया। वहीं एक को पड़ोस वाले का बताया।





### बच्चों ने पूछताछ के दौरान किए कई खुलासे,जिम्मेदारों को नोटिस

साइकोलॉजिस्ट डॉ. शर्मा ने सभी बच्चों की काउंसिलिंग की। उन्होंने खाने-पीने के सामान दिलाए। इस बीच बच्चों ने दाल, चावल और आटे की भी डिमांड की। डॉ. शर्मा ने करीब आधे घंटे ने इन बच्चों से बात किया। पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने इसके बाद तत्काल सभी जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर नियमतः कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पांडेय भी समर्थकों के साथ पहुंचे। उन्होंने वस्तु स्थिति की जानकारी ली।

### पिछले कुछ दिनों से औचक निरीक्षण कर रहीं डॉ. शर्मा

बता दें कि डॉ. वर्णिका शर्मा पिछले कुछ समय से लगातार अलग-अलग जिलों में औचक निरीक्षण कर रही हैं। उनके द्वारा नाबालिगों की नशाखोरी और कानूनी प्रावधानों की अनदेखी पर कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिनों उन्होंने बिलासपुर, कोरबा और कसडोल में जांच की। साथ ही व्यवस्था सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। दुर्ग में वे साइंस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थी। शिकायत के बाद वे सिविक सेंटर पहुंची थी।

### बच्चों का होगा सत्यापन, मामला संवेदनशील, होगी पूरी जांच

मामला काफी संवेदनशील है। बच्चों ने जो जानकारी दी है, उसके हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुझे नहीं लगा कि वह महिला बच्चों की मां है। एक लड़की हमें देखकर भाग गई। इन्होंने भीख मांगने का नया तरीका निकाल लिया है। धारा-14 के तहत मैंने जांच की। धारा 13 और 15 के तहत प्रदत्त अधिकारों के तहत मैं सभी जिम्मेदारों को नोटिस जारी करूंगी। इसके अलावा सभी संवेदनशील जगहों की जानकारी ली गई है। वहां टीम भेजकर ऐसे सारे बच्चों का रेस्क्यू किया जाएगा। उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षित किया जाएगा।

**-डॉ. वर्णिका शर्मा,** अध्यक्ष राज्य बाल आयोग छत्तीसगढ़

### बीडब्ल्यू ने की मृतका के परिजनों से की मुलाकात

# बीएसपी के ओएचपी में सिर पर पाइप गिरने से महिला मजदूर पुष्पा साहू की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका मजदूर पुष्पा साहू की ओर हैंडलिंग प्लांट में सिर पर पाइप गिरने से मौत हो गई। मृतका जनरल शिफ्ट में काम कर रही थी। बीएसपी वर्कर्स यूनियन यूनियन के कार्यकारी महासचिव शिव बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेख मेहमूद, उपमहासचिव विमलकात पांडे, वरिष्ठ सचिव धनंजय गिरी, सचिव रेजी नायर ने सेक्टर 9 हॉस्पिटल में मृतक के परिवार से मिलकर संबल बंधाया और बीएसपी प्रबंधन की मौजूदगी में आश्रित सदस्य को नौकरी की मांग की।



प्रबंधन द्वारा मृतका पुष्पा साहू उम्र 42 वर्ष की नौकरी के लिए ज्ञापन सौंपा। पुष्पा पति लेखराम साहू ठेका कंपनी फोनिक्स सॉल्यूशन में काम करती थी। रिसामा की रहने वाली थी। परिजनों को इंश्योरेंस का 10 लाख रुपए, 60 वर्ष तक मृतक के नॉमिनी को मासिक पेंशन, ई डी एल आई पेंशन आदि बाकी समस्त सुविधाएं यूनियन की उपस्थिति में में प्रबंधन की ओर से दिलवाने का आश्वासन दिया गया। ठेका कम्पनी द्वारा मृतक के परिजनों को तत्काल सहयोग प्रदान करते हुए अंतिम संस्कार के लिए बाद के पारिवारिक कार्यक्रम के संपूर्ण खर्च राशि वहान करेगा। इस अवसर पर मृतक के पति,पुत्र और परिवार जन उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से महाप्रबंधक जेएन ठाकुर, महाप्रबंधक विकास चंद्र, संजय द्विवेदी, के सुपर्णा उपस्थित थे।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप



## राज्यपाल ने कलेक्टर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

दुर्ग। भारत सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए गठित सशस्त्र बल ध्वज दिवस कोष में जिला प्रशासन द्वारा जमा करने अधिक राशि संग्रहण कर कोष में जमा करने पर दुर्ग जिले को सम्मानित किया गया। शहीद जांबाज सैनिकों व उनके परिजनों के प्रति नागरिक एकजुटता व सम्मान प्रदर्शित करने सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसम्बर को राज्यपाल रमेन डेका ने दुर्ग जिले के कलेक्टर अभिजीत सिंह को गवर्नर ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

## लिपिक वर्गीय पदोन्नति के लिए कार्रवाई की मांग

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधानपाठक की पदोन्नति व्यापक स्तर पर किया गया है परन्तु संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के रिक्त पद वरिष्ठ लेखा परीक्षक एवं सहायक ग्रेड-एक के पद पर विगत कई वर्षों से पद रिक्त होने के बाद भी पदोन्नति नही किया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन मीडिया प्रभारी भानुप्रताप यादव ने बताया कि अभी तक पदोन्नति के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं किया गया है जिससे लिपिक वर्गीय संघ एवं लिपिकों में रोष व्याप्त है।

## क्रांतिकारी सुखदेव राज की मनाई जयंती



दुर्ग। देश की आज़ादी के लिए क्रांति का मार्ग अपनाने वाले युवाओं में से एक सुखदेव राज की 118 वीं जयंती रविवार को इंदिरा मार्केट दुर्ग के पास उनके पुराने जर्जर आवास के सामने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ तथा सुखदेव राज स्मृति स्मारक समिति तथा दुर्ग सिक्ख सभा दुर्ग के पदाधिकारियों द्वारा मनाई गई। शहीद चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह जैसे अग्रणी पंक्ति के क्रांतिकारियों के निकट सहयोगी रहे सुखदेव राज 1963 से 1973 तक इंदिरा मार्केट के पास स्थित शिशु कल्याण केंद्र के भवन में रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा करते हुए 5 जुलाई 1973 को इसी भवन में अंतिम सांस ली थी। उनका जन्म लाहौर में 7 दिसंबर 1907 को हुआ था। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान वे क्रांतिकारियों के सम्पर्क में आए फ़िर अपना जीवन देश की आज़ादी के लिए समर्पित कर दिया। प्रयाग के अल्फ्रेड पार्क में चंद्रशेखर आजाद के अंतिम दिन 27 फरवरी 1931 को सुखदेव राज ही साथ में थे। दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, जितेंद्र वर्मा, गुलबीर सिंह भाटिया सहित अन्य मौजूद थे।

# महिलाओं को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा श्रमिकों के लिए 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

दुर्ग के ग्राम पऊवारा में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा श्रमिकों एवं ग्रामीण युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 30 दिवसीय रूरल मेसन (राजमिस्त्री) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी, दुर्ग द्वारा जनपद पंचायत दुर्ग के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल 19 प्रतिभागी शामिल हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 100 दिवस कार्य पूर्ण कर चुके श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण हेतु कुशल राजमिस्त्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग श्री बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## पउवारा में 19 से ज्यादा महिलाओं और युवाओं को दी गई ट्रेनिंग, आवास निर्माण की दी गई जानकारी

### प्लास्टरिंग, टाइल्स लगाना और फर्श बिछाना सिखाया गया

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर अमित कुमार कुंभकार द्वारा ईंट-पत्थर चिनाई, प्लास्टरिंग, टाइल एवं फर्श बिछाना, छत ढलाई, कंक्रीट मिश्रण, वॉटरप्रूफिंग तथा निर्माण कार्य से संबंधित सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की जा रही है। यह प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें स्वावलंबन एवं स्वरोजगार की ओर अग्रसर करेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल राजमिस्त्रियों की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे आवास निर्माण की गुणवत्ता एवं गति दोनों में सुधार होगा। यह पहल प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को भी और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।अकुशल श्रमिको के आधार पर 30 दिवस मजदूरी राशि भी जारी किया जाएगा।



### बैंक के माध्यम युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर कौशल विकास, उद्यमिता तथा वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दे रही है। आरसेटी निदेशक श्री गुलशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण अवधि में सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क ड्रेस, टूलकिट एवं भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण युवाओं को कुशल और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है तथा कुशल भारत से सशक्त भारत" के लक्ष्य को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी।

## सामाजिक चुनाव : उपाध्यक्ष पद पर कृष्णा व मंजू साहू को मिली जीत

# त्रिकोणीय मुकाबले में जिला साहू संघ अध्यक्ष पद पर दोबारा निर्वाचित हुए नंदलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग जिला साहू संघ का आम चुनाव रविवार को हुआ। गहमागहमी भरे इस चुनाव में नंदलाल साहू पुनः अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए हैं। त्रिकोणीय संघर्ष में उन्होने यह उनका द्वितीय कार्यकाल होगा।

खास बात यह रही कि इस बार साहू संघ के अध्यक्ष पद के लिए तीन लोग चुनाव मैदान में थे। जिसकी वजह से चुनाव त्रिकोणीय मुकाबले का हो गया था लेकिन आखिरकार तत्कालीन अध्यक्ष नंदलाल पर समाज के लोगों ने भरोसा जताया और जीत का सेहरा बांधा। नंदलाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भीखम साहू को 144 मतों से हराया। उनको कुल वोट 713 वोट मिले और भीखम को 569 वोट मिले। तीसरे प्रत्याशी गिरीश साहू को 56 वोट ही मिल पाया।

## परिणाम घोषित होने तक समाज के दिग्गज नेता भी रहे मौजूद



### उपाध्यक्ष पद कृष्णा व मंजू को

जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए मतदान हुआ। उपाध्यक्ष पद पुरुष के लिए कृष्णा साहू ने 111 वोटो से जीत दर्ज किया। उन्होंने रामखिलावन को 111 वोट से हराया। कृष्णा को 719 वोट मिले। रामखिलावन को 608 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष महिला पद में मंजू साहू ने 35 वोटो से जीत दर्ज किया। उन्होंने लालेश्वरी साहू को हराया। मंजू साहू को 687 एवं लालेश्वरी को 652 वोट मिले।



### सब मिलकर समाज हित में करेंगे कार्य- नंदलाल

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि समाज के सभी भाई बहनों का बहुत बहुत धन्यवाद जिन्होने प्रत्यक्ष एवम अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान किया है। यह समाज की जीत है। सभी को साथ मिलकर कार्य करेंगे किसी भी तरह की प्रतिद्वंदिता नहीं होगी। हमारी प्राथमिकता समाज मे जितने भी कार्य अधूरे रह गए थे उसको पूरा करना है। पिछले कार्यकाल की उपलब्धि की वजह से इस बार भी मुझ पर दोबारा भरोसा जताया है। उनके विश्वास पर पूरा खरा उतरने का भरसक प्रयास मेरा होगा। समाजिक कुरीतियों को दूर करने, युवाओं और महिलाओं को समाजिक विकास से जोड़ने की योजनाएं भी सभी के मार्गदर्शन से बनाएंगे।

### महिलाओं में भारी उत्साह

मतदान के दौरान तीनों ही अध्यक्ष पद के दावेदारों के समर्थक पंडालों में जुटे रहे। मतदाता पर्ची वितरण की व्यवस्था प्रत्याशियों ने अपने-अपने पंडालों में की कर रखी थी। यहां महिलाओं की खासी भीड़ दिखी। प्रत्याशियों ने खाने पीने, चाय-नाश्ते का भी इंतजाम कर रखा था। मतों की गिनती तक समर्थक यहां डटे रहे। घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशियों का फूल माला पहनाकर और मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई।

### संगठन सचिव उमाशंकर व सविता

जिला साहू संघ के संगठन सचिव के दो पद पर चुनाव हुए। पद पुरुष उमाशंकर साहू एवं महिला पद पर सविता पोषण साहू दोनों निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### 1360 मतदाताओं ने डाले वोट, देर रात तक चली गिनती

जिला साहू संघ का मुकाबला इस बार बेहद रोचक रहा। इसलिए कि सभी पदों के लिए पुराने और नए लोगों ने अपने-अपने ताल समाजिक वोटरों के सामने ठोंके थे। संघ में कुल मतदाता 2188 हैं लेकिन मतदान 1360 मतदाताओं ने किया। मतदान के बाद वोटों की गिनती देर रात तक चली। इस दौरान समाज के दिग्गज नेता भी परिणाम जानने के लिए मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी जे.पी. साहू अधिवक्ता, देवेंद्र साहू अधिवक्ता, पी आर सार्वा अधिवक्ता, शशिकांत साहू अधिवक्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो ने निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदान किये।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पं. सीताराम शर्मा की प्रतिमा का किया अनावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य रूप से हुए शामिल

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग जिले के भटगांव, जेवरा-सिरसा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित सीताराम शर्मा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्व. शर्मा के संपर्क में रहे वरिष्ठजनों तथा प्रतिमा निर्माता मूर्तिकार अंकुश देवांगन एवं डीएस विद्यार्थी को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया।

अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री यादव ने कहा कि पंडित सीताराम शर्मा न केवल स्वतंत्रता संग्राम के समर्पित सेनानी थे, बल्कि समाजसेवी, आध्यात्मिक पुरुष, कथावाचक, ज्योतिषाचार्य और सेवाभावी व्यक्तित्व के रूप में भी सदैव याद किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संस्कृत विद्या मण्डलम की बैठक में एक वर्ष के भीतर 100 कर्मकाण्डी पंडित तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि शुद्ध उच्चारण और संपूर्ण 16 संस्कारों की परंपरा को संरक्षित किया जा सके।

इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने हाई स्कूल जेवरा–सिरसा का नामकरण स्व. पंडित सीताराम शर्मा के नाम पर करने की घोषणा भी की। समारोह में महेश शर्मा, सुरेन्द्र कौशिक, कमलेश सहित स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के सदस्य तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रेवा तालाब में पाउंड मशीन का मेगा अभियान जलकुंभी हटते ही साफ हुआ पानी

दुर्ग। शहर के प्रमुख जलस्त्रोतों को स्वच्छ बनाने के लिए दुर्ग नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वार्ड 23 दीपक नगर स्थित रेवा तालाब में आज पाउंड मशीन के माध्यम से बड़े पैमाने पर सफाई कार्य शुरू किया गया। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग और कर्मशाला विभाग की संयुक्त टीम सुबह होते ही तालाब पहुंची और आधुनिक पोनो मशीन को पानी में उतारा गया। पाउंड मशीन के संचालन के कुछ ही देर बाद तालाब की सतह पर फैली मोटी जलकुंभी की परत हटनी शुरू हो गई और पानी पहले की तुलना में काफी साफ दिखाई देने लगा। इस कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों में भी उत्साह का माहौल रहा। नगर निगम ने हाल ही में शहर के सभी तालाबों का सर्वे किया था।

## एसआईआर में नगरीय निकायों में सहयोग के लिए हेल्प डेस्क की करें स्थापना : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में गणना पत्रक भरने की कार्यवाही जारी है।

- चेम्बर ऑफ कामर्स व सामाजिक संगठनों से सहयोग की अपील

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने कहा है कि सभी महत्वपूर्ण व्यक्तियों, अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों, विशिष्ट व्यक्तियों, मीडिया के व्यक्तियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के गणना पत्रक भरे जाने तथा 2003 के मतदाता सूची से उनका अथवा उनके परिवार के सदस्यों का मिलान कराए जाने की कार्यवाही महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, बीएलओ एवं कार्य से जुड़े कर्मचारियों को ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों से संपर्क कर उनके तथा परिवार के सदस्यों तथा गणना पत्रक भरने तथा 2003 की मतदाता सूची से उनकी मैपिंग कर ली गई है अथवा नहीं, इसकी पुष्टि कराने कहा है।

कलेक्टर श्री सिंह ने ऐसे व्यक्तियों के पुष्टि के लिए दायित्व सौपे हैं। जिसके अनुसार सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रमुख राजनीतिक दलों के संगठन के सदस्य आदि के लिए प्रोटोकॉल शाखा, समस्त नगरीय निकायों के पदाधिकारी तथा पूर्व पदाधिकारी महापौर, अध्यक्ष, सभापति पार्षद गण, एल्डरमैन (वर्तमान एवं पूर्व) आदि के लिए संबंधित नगरीय निकाय के आयुक्त, सीएमओ, समस्त पंचायत पदाधिकारियों एवं पूर्व पदाधिकारी जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच (वर्तमान एवं पूर्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जनपद पंचायत द्वारा, मीडिया के व्यक्तियों के लिए जनसंपर्क कार्यालय द्वारा अधिकारी, कर्मचारी के लिए संबंधित विभाग के जिला प्रमुख अथवा कार्यालय प्रमुख द्वारा अपने समस्त जिला स्तरीय अनुविभाग, स्तरीय खंड स्तरीय कार्यालय तथा अपने वरिष्ठ कार्यालय में मंडल सर्कल आदि में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों के विषय में भी पुष्टि कर लें

## ओम परिसर से उरला तक बनेगी सड़क, मंत्री ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

ट्रैफिक को नियंत्रण कर आवागमन को बेहतर बनाने ओम परिसर से उरला फाटक और गिरधारी नगर से उरला तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। मंत्री गजेन्द्र यादव ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र सभी जनप्रतिनिधि, कार्यकर्त्ता और नागरिकों की उपस्थिति में पीडब्लूडी के इंजीनियरों ने सड़क की चौड़ाई का नापजोख कर निर्माण संबंधित तकनीकी जानकारी दी।

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को बेहतर बनाने शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव निरंतर प्रयासरत है। वार्डों में भीतरी गलियों के सीमेंटीकरण के साथ ही प्रमुख सड़क का चौड़ीकरण पर काम किया जा रहा है। ओम परिसर से उरला



फाटक और पटेल ट्रेडर्स गिरधारी नगर से उरला तक निर्माण के लिए शासन को स्वीकृति के पूर्व पीडब्लूडी के इंजीनियर की टीम ने वार्ड 10 और वार्ड 12 के गलियों का भ्रमण किए। वर्तमान सड़क की चौड़ाई और प्रस्तावित सड़क कितना मीटर तक रहेगा इसकी नापजोख कर जानकारी दी गई। निर्माण से संबंधित सभी पहलुओं पर चर्चा कर शीघ्र ही ले आउट तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजने निर्देश दिए। मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ओम परिसर से उरला रेलवे फाटक तक तथा पटेल ट्रेडर्स के पास परेतिन चौक से उरला रेलवे फाटक तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ स्थल निरीक्षण किया। शहर में निरंतर बढ़ रहे यातायात दबाव को नियंत्रित कर आवागमन को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 10 एवं 12 को जोड़ने हेतु प्रस्तावित एप्रोच रोड के निर्माण का भौतिक निरीक्षण एवं तकनीकी आकलन किया गया। मौके पर सभी संभावित पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार की गई तथा अनुमानित लागत (इस्टीमेट) बनाकर इसे आगामी बजट में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। उरला फाटक से ओम परिसर तक एप्रोच रोड बनने से शंकरनगर, गिरधारी नगर, बैगापारा, मोहननगर, बैगापारा क्षेत्र के बड़ी आबादी को शहर से बाहर निकलने आवागमन में सहूलियत होगी। शहर के नागरिकों को अभी उरला जाने के लिए चंडी मंदिर चौक से गयानगर होते हुए जाना पड़ता है जिससे इस सड़क पर ट्रैफिक दबाव बढ़ता जा रहा है, सड़क बन जाने रेलवे स्टेशन या भिलाई की ओर से आने वाले वाहन एप्रोच रोड से उरला जा सकते है।

## जिला विधिक प्राधिकरण ने कानून की जानकारी देने चलाया अभियान

# वरिष्ठ अधिवक्ताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- जिले में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय निःशक्तजन (दिव्यांगजन) दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर अनेक जनजागरूकता शिविरों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में अधिवक्ता दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय निःशक्तजन दिवस को संयुक्त रूप से मनाया गया, जहां नवीन सभागार में जिला विधिक



सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायाधीश, अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया तथा निःशक्तजनों के अधिकारों, उनकी समस्याओं और उन्हें प्रदत्त विधिक प्रावधानों पर विचार-विमर्श किया गया।

इसी क्रम में आयोजित द्वितीय कार्यक्रम में शासकीय तिलक उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग में 7 मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। उनके द्वारा विद्यार्थियों को निःशक्तजन दिवस का महत्व, नशे के दुष्प्रभाव, संविधान में निहित अधिकार एवं कर्तव्य, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर तथा गुड टच-बैड टच के विषयों पर जागरूक किया गया। बच्चों ने न्यायाधीशों से प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल और सहज भाषा मेंउत्तर देकर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। साथ ही शासकीय आईटीआई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एलएडीसीएस के तीन अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को निःशक्तजन से संबंधित विधिक अधिकारों, नशामुक्ति और विभिन्न निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी। पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर जनजागरूकता के प्रचार-प्रसार में योगदान दिया। जिले में आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता, संवेदनशीलता एवं विधिक साक्षरता की दिशा में सार्थक और प्रभावशाली साबित हुए।

## जीवन में सफलता का अर्थ उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग : डॉ. शकील

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के अंतर्गत समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र और अर्थशास्त्र द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक जीवन की सततता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ अमरनाथ शर्मा ने कार्यशाला के विषय की उपयोगिता एवं अतिथियों का परिचय दिया अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन डॉ नुसरत जहां एवं डॉ भारती साहू ने किया। संपूर्ण कार्यशाला का संचालन डॉ कृष्ण कुमार पटेल ने किया कार्यशाला में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं



स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यशाला के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. के पद्मावती विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र शासकीय व्ही वायटीपीजी महाविद्यालय दुर्ग ने भारतीय ज्ञान परंपरा और अर्थव्यवस्था की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में डॉ शकील हुसैन विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान शासकीय व्हीवायटी पीजी महाविद्यालय दुर्ग ने कार्यशाला के विषय की महत्व को बताया। कहा कि जीवन में सफलता का अर्थ उपलब्ध संसाधनों का इस प्रकार उपयोग किया जाना है कि वर्तमान की आवश्यकता पूरी होने के साथ ही साथ भविष्य के लिए उनकी उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। द्वितीय दिवस भारतीय ज्ञान परंपरा और प्राकृतिक चिकित्सा को था। जिसमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी छत्तीसगढ़ शाखा से राज्य संयोजक मनोज ठाकरे सह संयोजक डॉ निर्मला गुप्ता आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### रासेयो हमारे जीवन को दिशा देने का अवसर : जैनेन्द्र

**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में ग्राम मटंग में आयोजित है। शिविर समापन समारोह में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्विद्यालय के एनएसएस समन्वयक जैनेन्द्र दीवान, अध्यक्ष कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साधना राहटगावकर, विशेष अतिथि ग्राम सरपंच अमित हिरवानी, डॉ. उगेंद्र कुर्रे सहायक प्राध्यापक थे। एनएसएस की पूर्व महादलनायिका दीपांजली वर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। अतिथियों ने कहा कि एनएसएस छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व को निखारने एवं जीवन को दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह अवसर प्रत्येक कॉलेज की इकाई में केवल 50 या 100 विद्यार्थियों को ही प्राप्त होता है।

### टोकन कटाने में किसानों के छूट रहे पसीने

**पाटन।** दुर्ग जिले के बड़े सहकारी समिति में शुमार केसरा सोसायटी में धान खरीदी 2025 में बहुत ही धीमी गति से चल रही है। इसका कारण टोकन के साथ ही लिमिट बहुत ही कम होना है। मिली जानकारी अनुसार वर्तमान 6 दिसंबर तक कुल धान खरीदी लगभग 17 हजार क्विंटल ही हो पाया है। जबकि कुल लक्ष्य 89 हजार क्विंटल है। अभी प्रतिदिन खरीदी का लक्ष्य 14 सौ क्विंटल है। जो बहुत ही कम है इसी अनुपात में खरीदी की जाएगी तो लक्ष्य तक पहुंचना नामुकिन है। किसानों ने शासन से 2200 क्विंटल प्रतिदिन करने की मांग की है ताकि तीन गांवों के लगभग 2100, किसानों का धान समयावधि में बिक सके और किसानों को राहत मिल सके। खबर के अनुसार 30 प्रतिशत आफ लाइन, 70 प्रतिशत आनलाइन टोकन हो रही है। जिसमें कुछ किसान ही अपना उपार्जन बेच पा रहे हैं। बाकी किसान अपने उपार्जन के साथ खेत,खलिहानो में रतजगा कर रहे है। किसानों के मुसीबतों को देखते हुवे अतिशीघ्र लिमिट को बढ़ानेकी मांग किसानों ने की है।

## निधन

### प्रवीण भाई कोठारी



**भिलाई।** भिलाई निवासी प्रवीण भाई कोठारी (बच्चू भाई) का 7 दिसम्बर को सुबह दस बजे निधन हो गया है। स्व. प्रवीण कोठारी रायपुर निवासी मेघा तरल मोदी एवं सोनल राजेश मेहता के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 8 दिसम्बर को सुबह सवा दस बजे उनके निवास स्थान सीएचपीएल (चौहान ड्रिंम होम) नेहरू नगर फ्लैट-15, एफ ब्लॉक भिलाई से राम नगर मुक्तिधाम के लिए जाएगी।

# बहुजनों के प्रकाश स्तंभ हैं बाबा साहब अम्बेडकर : प्रेमलता डोंगरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

भारतीय बौद्ध महासभा शिव नगर कुम्हारी के तत्वावधान में बुद्ध विहार, वार्ड 9 में संविधान के प्रमुख शिल्पकार बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। सुबह 9 बजे बौद्ध महासभा की अध्यक्ष उपासिका प्रेमलता डोंगरे के नेतृत्व में बौद्ध समाज ने नत नीलध्वज तले बाबा साहब अम्बेडकर के प्रति शोक, सम्मान और कृतज्ञता ज्ञापित कर पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित बौद्ध अनुयायियों ने बुद्ध विहार में सामूहिक त्रिशरण, पंचशील ग्रहण किया।



अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर बहुजनों के हितों के लिए अपना सारा जीवन न्यौछावर कर दिया। उन्होंने संविधान में दलित-पिछड़ों को संवैधानिक व्यवस्था देकर समता का मार्ग प्रशस्त किया। वे बहुजन समाज के प्रकाश-स्तंभ हैं। सुरेश वाहने ने कहा कि सताए हुए लोगों और शोषित-वंचितों के सम्मान और अधिकार के लिए लड़ने वाले वैचारिक योद्धा थे डॉ. अम्बेडकर। उन्होंने देश में जातिविहीन और शोषणमुक्त समाज का सपना देखा था। उन्होंने लुप्तप्राय बौद्ध दर्शन को भारत में पुनर्स्थापित किया। उपस्थित जनसमुदाय ने बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर बाबा साहब को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। बौद्ध महासभा के उपासक-उपासिकाओं ने बुद्ध विहार से वार्ड की गलियों में कैंडल मार्च निकाला। कार्यक्रम में विशेष रूप से किशन बोरकर, डिगांबर टेंभेकर, अनिल टेंभेकर, अन्नु शिवनकर, सावित्री बाई सहारे, वंदना पाटिल, सुनिता साखरे, वंदना गायकवाड़ सहित बौद्ध समाजी, आम्बेडकरवादी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे ने की शुरुआत, 381 गांवों में होंगे सुधार कार्य

# हमारा शौचालय हमारा भविष्य अभियान, 10 दिसंबर तक गांव-गांव में होगा मेंटेनेंस और रंग-रोगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

10 दिसम्बर तक जिले में हमारा शौचालय हमारा भविष्य अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अभिजित सिंह और सीईओ बजरंग कुमार दुबे के निर्देशन में इस अभियान की शुरुआत की गई। जिले के 381 ग्रामों में सामुदायिक शौचालयों एवं व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने की दिशा में समुदाय की भागीदारी से मरम्मत एवं रेट्रोफिटिंग का कार्य किया जा रहा है। सामुदायिक शौचालयों के रख-रखाव की नीतियों का आकलन करते हुए क्रियाशीलता को सुनिश्चित किया जा रहा है। सामुदायिक शौचालयों एवं व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों में पेंटिंग एवं सौंदार्यीकरण करते हुए उन्हें आकर्षक बनाया जा रहा है। स्वच्छता एवं स्वास्थ्यकर व्यवहारों के महत्व, फीकल स्लज के सहीं प्रबंधन तथा पर्यावरण अनुकूल स्वच्छता एवं सर्विस डिलीवरी के प्रति समुदाय विशेषकर शालाओं में जागरूकता एवं सृजन कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। सम्पूर्ण स्वच्छता हेतु अधिक से अधिक लोगों की जन भागीदारी तय की जा रही है।






#### सबसे अच्छा शौचालय होगा सम्मानित, किया जाएगा चयन

अभियान के दौरान ग्राम पंचायत, विकासखंड, जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ट सामुदायिक शौचालयों एवं व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों को पुरस्कृत किया जायेगा। 18 से 20 नवम्बर तक अक्रियाशील सामुदायिक शौचालयों का चिन्हांकन किया गया। जिला, विकासखंड, ग्राम स्तर पर मरम्मत, रेट्रोफिटिंग एवं सौन्दर्यीकरण हेतु बेसलाइन डेटा तैयार कर डाटा वेबसाईट पर प्रविष्ट किया गया है। हमारा शौचालय हमारा भविष्य अभियान का जिला, विकासखंड, ग्राम स्तर पर शुभारंभ किया गया। सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। 21 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक सामुदायिक शौचालयों एवं व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों की मरम्मत, रेट्रोफिटिंग एवं सौन्दयींकरण किया गया। समुदाय, शालाओं आदि में जागरूकता सृजन गतिविधियों का आयोजन किया गया।

#### एंड लाइन सर्वे के कार्य की हुई शुरुआत

6 से 9 दिसम्बर तक एंड लाइन सर्वे कर सामुदायिक शौचालयों एवं व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों की क्रियाशीलता, सौन्दर्यीकरण में सुधार का आंकलन, सर्वश्रेष्ट सामुदायिक शौचालय का आंकलन, व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालयों के रखरखाव एवं सौन्दर्यीकरण में सर्वश्रेष्ट प्रयास का आंकलन किया जायेगा। 10 दिसम्बर को अभियान का समापन, सर्वश्रेष्ट सामुदायिक शौचालयों एवं व्यक्तिगत शौचालयों को सम्मानित किया जायेगा। प्रत्येक विकासखंड से 02 श्रेष्ट सामुदायिक शौचालयों का चिन्हांकन कर जिले को नामांकन प्रेषित करें। जिसमे से जिले द्वारा 3 सर्वश्रेष्ट सामुदायिक शौचालयों को सम्मानित किया जाएगा।

#### ग्राम पंचायत स्तर पर भी शौचालय होंगे पुरस्कृत

सर्वश्रेष्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय का चयन किया जाना है। प्रत्येक ग्राम पंचायत से 02 श्रेष्ट शौचालयों का चयन कर ग्राम पंचायत के स्तर पर सम्मानित किया जावेगा एवं इनका नामांकन विकासखंड को प्रेषित किया जाएगा। विकासखंड से 03 श्रेष्ट शौचालयों का चिन्हांकन कर विकासखंड के स्तर पर सम्मानित किया जावेगा एवं जिले को इनका नामांकन प्रेषित करें। जिसमे से जिले द्वारा 5 सर्वश्रेष्ट सामुदायिक शौचालयों को सम्मानित किया जाएगा।

## दिसंबर की कड़ाके की ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल जा रहे नौनिहाल : आशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। निकुंब



जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने कहा है कि प्रशासन ठंड को देखते हुए नौनिहाल स्कूल बच्चों को राहत देने मार्निंग स्कूल में समय परिवर्तन करे।

जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मौसम लगातार करवट ले रहा है। कई जिलों में शीतलहर और ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। विशेषकर दुर्ग जिले में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। न्यूनतम तापमान जहां 16 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, वहीं दिन में अधिकतम तापमान भी 28 डिग्री के आसपास बना हुआ है। कड़ाके की ठंड और कोहरे की स्थिति को देखते हुए जिले में जिम्मेदार पदों पर बैठ अधिकारियों को नौनिहाल बच्चों पर तरस नहीं आ रहा है। अलसुबह सफेद घने कोहरे के कारण सड़कों पर कुछ दिखाई नहीं देता हैं, जबकि इन्हीं सड़कों पर स्कूल की वाहन व बच्चों साइकिल से स्कूल जाना पड़ता है।

गौरतलब है कि कड़ाके के ठंड के के बावजूद बच्चों को सूर्योदय के पहले उठना लोहे के चने चबाने जैसा होता हैं। दुर्ग जिले के कई स्कूलों में एक ही स्कूल परिसर में दो शिफ्ट में स्कूल लगती हैं, जिसके कारण मॉर्निंग शिफ्ट 7.15 बजे स्टार्ट हो जाता है। वहीं सेजस स्कूल इंग्लिश मीडियम अधिकतर मॉर्निंग में लगती हैं। जिसे समय बदल कर अलसुबह 8 बजे रखे तो बच्चों को राहत मिलेगी। लेकिन जिले में जिम्मेदार पदों पर बैठ अधिकारी ना जाने क्यों मौन व्रत कर बैठे, वही स्कूल से बच्चों को ठंड से बचने स्वेटर, ग्लब्स, जूते, मोजे पहनकर भेजने की अपील करते हुए ।

## राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद ने औंसर पंचायत की स्वच्छता को सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶। सेलूद

ग्राम औंसर में स्वच्छता अभियान के अधिकारियों ने गांव का निरीक्षण किया। जिसमें गांव के सेग्रिगेशन यार्ड, शौचालय, राजीव गांधी सेवा केन्द्र आदि का निरीक्षण किया गया। स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत औंसर-डिघारी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद एवं सौरभ वाटर एड संस्था जिला समन्वयक नरेश साहू, संकुल प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन पाटन द्वारा स्वच्छता संबंधी निरीक्षण किया गया। आनंद ने कहा कि गांव की स्वच्छता की तारीफ की और कचरा कलेक्शन, सूखा कचरा गीला कचरा, वेस्ट मैनेजमेंट, स्वच्छता जागरुकता के बारे में स्वच्छता दीदियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच प्रियालता महिपाल, भूपेश निर्मलकर उप सरपंच, गजेन्द्र भारती पंच, रोशनी चतुर्वेदी, श्यामा भारती, त्रिवेणी भारती, अनीता ठाकुर पंच, शशि वर्मा सचिव, कुंती धनकर, शशि महिपाल, अनीता वर्मा, मंजू ठाकुर, कृष्णा बैरागी, मनीषा सहित सभी स्वच्छता दीदी उपस्थित थे।

## व्यक्तित्व विकास के लिए हमेशा अपने कार्यों के प्रति सजग रहना बहुत जरूरी है : अमित



हरिभूमि न्यूज ▶▶। सेलूद

राष्ट्रीय सेवा योजना के छठवें दिवस की शुरुआत प्रभातफेरी, जागरण गीत से हुआ। प्रथम चरण में शाला प्रांगण, कला मंच की सफाई की गयी। साथ ही शाला प्रांगण की गोबर से लिपाई की गयी। चुना पोताई एवं मंच सजाने का कार्य किया गया। फिर ब्लड डोनेशन कैंप में स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहयोग किया। यह ब्लड डोनेशन कैम्प के एनएसएस शिविर द्वारा लगवाया गया था। बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य अतिथि समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग जैनेन्द्र दीवान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भौतिक विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. उगेन्द्र कुर्रे ने किया। विशेष अतिथि सरपंच अमित हिरवानी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपांजली ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। डॉ. एसके भारती ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. दीवान ने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के फायदों को विस्तार से समझाया। डॉ. हुर्रे ने अभिप्रेरणा दिया। अमित ने स्वयंसेवकों को अपने व्यक्तित्व विकास के लिए निरंतर सक्रिय रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में शिविर में भाग लेने वाले शिविरथियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## बाइक रैली ने जगाया आध्यात्मिक उत्साह और राष्ट्रभावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा

ग्राम अंजोरा (ख) में आगामी राष्ट्र-शौर्य समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर हैं। रविवार को एक बाइक रैली निकाली गई। जिसने क्षेत्र भर में आध्यात्मिक जागरण, राष्ट्रभावना और संस्कारों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। रैली में सम्मिलित सैकड़ों युवा एवं गायत्री परिजनों ने अनुशासन, उत्साह और समर्पण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रत्येक वाहन पर लगाए गए हैंडमेड संदेश-पट्टिकाओं ने सुरक्षित यातायात, सामाजिक जागरूकता और सभ्य नागरिकता का श्रेष्ठ संदेश प्रसारित किया। यह रैली विभिन्न गांवों से गुजरते हुए जब-जब पहुंची, तब-तब ग्रामीणों ने उत्साहपूर्ण स्वागत कर अपने सहयोग और श्रद्धा का परिचय दिया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, तिलक-अभिनंदन और आत्मीय मुस्कानों ने इस यात्रा को और अधिक प्रभावशाली बनाया। रैली के भव्य स्वरूप, अनुशासित संचालन और आध्यात्मिक गरिमा ने इसे अत्यंत आकर्षक, दर्शनीय एवं प्रेरणादायी बना दिया।

### नशा मुक्ति अभियान में रैली निकाली स्कूली बच्चों ने

**कुम्हारी।** ओजस समाज सेवा समिति की ओर से नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शासकीय पीएमश्री प्राथमिक शाला रूआबांधा स्कूल के बच्चों के साथ रैली निकाली गई। समिति की अध्यक्ष ललिता सिंह ने कहा कि नशे का दुष्प्रभाव रोकने शराब ही नहीं बल्कि , बीड़ी , गुटका , तंबाकू, गाजा , सिगरेट जैसी हानिकारक चीज़ों पर भी प्रतिबंध होना चाहिये। अभियान में स्कूल की प्रधान पाठिका ज्ञानेश्वरी मिश्रा , संध्या पाठक ,नागेन्द्र मरावी , प्रीती वामन एवं सुधा का सहयोग रहा।

## देवबलौदा चरोदा में नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई





अखिल भारतीय पालक संघ के द्वारा देवबलौदा चरोदा में नेत्र जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉ संतोष सिंह एवं संस्था के संयोजक किशोर कुमार के द्वारा निःशुल्क नेत्र प्रीक्षण का कार्यक्रम किया गया जिसमें क्षेत्रवासियों को आंखों से संबंधित परेशानियों का निरीक्षण कर उन्हें दूर करने एवं उचित इलाज करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही नशा एवं डिजिटल नशा से दूर रह कर अपने जीवन को सफल बनाने के लिए क्या करे , इस पर विशेष स्कूल कार्यशाला का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल कैंप–1, तथा श्रद्धा मोंटेंशरी स्कूल , खुर्सीपार में किया गया। जहां मुख्य वक्ता के रूप में हमारे अंचल के बहुचर्चित शिक्षक एवं समाजसेवी बी सुग्रीव अपने अनमोल वचनों से बच्चों को ₹नशे₹ एवं डिजिटल नशे से दूर रह कर अपने करियर को सफल बनाने का गुण सिखाए , जहां बच्चे अत्यंत उत्साह के साथ उनके बहुमूल्य वचनों को सुन कर अपने करियर को नशे से दूर रहते हुए सफल करने का संकल्प एवं मार्गदर्शन प्राप्त किए, कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल जया तिवारी ,राधा चतुर्वेदी एवं अखिल भारतीय पालक संघ समिति के अध्यक्ष अरुंधूति दुबे , संयोजक किशोर कुमार , सचिव प्रदीप दुबे, संचालक स्वदेश शुक्ला , नीतेश भंडारी, डॉ.संतोष सिंह, संजीत सोनी सहित स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### प्रताड़ित पुरुषों के आवेदनों का किया जाएगा निराकरण

# महिला थाना में अब पुरुष पक्ष की भी होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

महिला थाना में अब पुरुष पक्ष की भी सुनवाई होगी और हर रविवार को प्रताड़ित पुरुषों के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा कानूनी एवं विधिक सलाह का शुभारंभ किया गया।



रविवार को महिला थाना में जिला दुर्ग के पारिवारीक समस्या से परेशान पुरूषों के लिए काउंसलरों की नियुक्ति की गई है। पुरूष आवेदकों का कहना है कि महिला परामर्श केन्द्र में महिलाओं की ही सुनवाई होती है, पुरूष की सुनवाई नहीं होती। इसे दृष्टिगत रखते हुए पुरूष आवेदकों की समस्याओं के समाधान के लिए कानूनी एवं विधिक सलाह का शुभारंभ किया गया। काउंसलर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेवानिवृत्त अशोक जोशी, महिला काउंसलर रत्ना डाकलिया एवं मोनिका सिंह द्वारा रविवार को 8 पुरूष आवेदकों की शिकायत पर सुनवाई करते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण की कानूनी सलाह दी गई। पुलिस अधीक्षक ने स्वंय उपस्थित होकर पुरूष आवेदक की शिकायतों की सुनवाई की। उन्होंने प्राप्त शिकायत आवेदनों पर गंभीरता से काउंसलिंग कर दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद विधिक सलाह देने के निर्देश दिए। काउंसलिंग के दौरान पद्मश्री तंवर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू, भारती मरकाम उप पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू, नीता राजपूत थाना प्रभारी महिला थाना, थाना के अन्य स्टाफ एवं अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का अभिनंदन समारोह आज

**जामुल ।** 8 दिसंबर सोमवार को दोपहर 1: 30 बजे मंगल भवन वार्ड नंबर 1 सीएसईबी आफिस के पास नन्दनी रोड जामुल में ब्लाक कांग्रेस कमेटी जामुल की ओर से नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है।


जिसमें जामुल के समस्त कांग्रेस जन, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, पार्षद गण, छाया पार्षद गण, पूर्व एल्डरमैन गण, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, कांग्रेस सेवा दल, किसान कांग्रेस, इन्टुक, राजीव युवा मितान क्लब, एन एस यू आई, बूथ कमेटी से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने अपील की है कार्यक्रम को सफल बनाने ज्यादा से ज्यादा संख्या उपस्थिति प्रदान करें एवं अपने साथ अपने वार्ड से कम से कम 10 कांग्रेस समर्थित कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में लाने का प्रयास करें।



# बीएसपी ने उत्पादन, डिस्पैच और तकनीकी प्रदर्शन के नए शिखर छुए, क्रूड स्टील और हॉट मेटल का रिकार्ड उत्पादन

## रेल में राष्ट्रीय नेतृत्व को किया सुदृढ़, सेलेबल स्टील उत्पादन 361190 टन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



बीएसपी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल-नवंबर अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उत्पादन, प्रेषण तथा तकनीकी-आर्थिक मानकों के क्षेत्र में कई रिकॉर्ड स्थापित किए है। अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान कच्चे माल और इस्पात उत्पादन किया है। कुल सिन्टर उत्पादन 57,88,599 टन तक पहुँच गया, जो वर्ष 2023-24 की इसी अवधि के 56,86,779 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार करता है। अपस्ट्रीम ऑपरेशन्स में भी कुल हॉट मेटल उत्पादन 39,84,562 टन तक पहुँच गया, जो पूर्व रिकॉर्ड 38,93,257 टन (2023-24) से अधिक है। क्रूड स्टील उत्पादन 38,29,428 टन रहा, जो 2023-24 के 36,87,966 टन के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया है।

रेल उत्पादन के क्षेत्र में भी बीएसपी ने राष्ट्रीय नेतृत्व को और सुदृढ़ किया है यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) से तैयार रेल उत्पादन 6,32,979 टन रहा, जो 2024–25 के 5,89,262 टन के पिछले सर्वोत्तम स्तर से ऊपर है। प्राइम रेल उत्पादन 6,09,098 टन तक पहुँच गया, जो 5,58,316 टन (2024–25) के पूर्व रिकॉर्ड को पार करता है। कुल तैयार रेल उत्पादन 9,52,710 टन रहा, जिसने वर्ष 2019-20 के 9,32,459 टन को पीछे छोड़ा। प्राइम रेल उत्पादन 8,69,119 टन तक पहुँच गया, जो 2024–25 के 8,05,085 टन के रिकॉर्ड से अधिक है। लंबी रेल उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई, जहाँ कुल 7,05,632 टन लंबी रेल का उत्पादन हुआ—यह 2023–24 के 6,10,933 टन के आंकड़े से कहीं अधिक है और इस श्रेणी में अप्रैल–नवंबर 2025 का नया रिकॉर्ड है।

### कार्यबल की दक्षता प्रदर्शित

तकनीकी आर्थिक मानकों में भी बीएसपी का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। ब्लास्ट फर्नेस उत्पादकता (1–8) बढ़कर 2.01 टीएम पर डे पर पहुंच गई, जो 2024-25 के 1.89 के सर्वोत्तम स्तर से अधिक है। श्रम उत्पादकता भी बढ़कर 756 टी/एम/वर्ष पर पहुँची, जिसने 2024–25 के 657 के स्तर को पार करते हुए कार्यबल की दक्षता और प्रक्रियागत अनुकूलन को प्रदर्शित किया।वरिष्ठ प्रबंधन ने इन उपलब्धियों के लिए बीएसपी के सभी विभागों, इकाइयों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की है।



### डाउन स्ट्रीम उत्पादन में भी आगे

डाउनस्ट्रीम उत्पादन भी इस सकारात्मक रुझान के साथ आगे बढ़ा। कुल तैयार इस्पात उत्पादन 31,51,689 टन तक पहुँचा, जिसने 2024–25 के 31,17,509 टन को पीछे छोड़ दिया। सेलेबल स्टील उत्पादन 36,11,190 टन तक पहुँचा, जो 2023–24 के 34,35,438 टन के पिछले सर्वोत्तम स्तर से अधिक है। प्रेषण के क्षेत्र में भी बीएसपी का प्रदर्शन रिकॉर्ड–तोड़ रहा। यूआरएम से लंबी रेल लोडिंग 6,07,180 टन तक पहुँची, जो 2023–24 के 5,24,422 टन से अधिक है। कुल लंबी रेल लोडिंग 7,24,761 टन रही, जिसने पिछले वर्ष के 6,26,712 टन को पार कर लिया।प्राइम रेल लोडिंग 8,46,035 टन रही, जो वर्ष 2020–21 के 7,82,143 टन के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ती है। प्रत्यक्ष प्रेषणों के लिए लोडिंग 20,62,799 टन तक पहुँची, जो 2023–24 के 18,60,822 टन से अधिक है।

## खबर संक्षेप

### वाहन चालक से लूट अपराध दर्ज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के चौकी लिटिया सेमरिया थाना बोरी क्षेत्र में ग्राम बिरेझर प्रवेश द्वारा के पास लूट की घटना सामने आई है। आयल टैंकर को रोक कर तीन अज्ञात आरोपियों ने मारपीट करते हुए वाहन चालक के ड्राइविंग लायसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड व नगदी रकम तीन हजार रुपए लूटकर भाग गए। राचनपुर बघेडी थाना सरायममरेज जिला इलाहाबाद उत्तर प्रदेश हाल मुकाम ग्राम गुजरा थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर निवासी प्रार्थी वंशराज यादव पिता लाल बहादुर उम्र 50 साल ने पुलिस को बताया कि वे वाहन चलाने का काम करते हैं। 6 दिसंबर को गुजरा लखौली इंडियन आईल डिपो से टेंकर क्रमांक सीजी 06 एचई 6113 से डीजल पेट्रोल लेकर अपने हेल्पर अंकित यादव के साथ ओम शांति फयूल सहसपुर खैरागढ़ रोड राजनांदगांव गया था। पेट्रोल पंप में डीजल पेट्रोल खाली करने के बाद वापस गुजरा लखौली जा रहे थे। गूगल मैप से रास्ता भटकने के बाद गांव के रास्ते मेन रोड जा रहे थे। रात्रि करीबन 11 बजे ग्राम बिरेझर प्रवेश द्वारा के पास ब्रेकर के कारण टैंकर की गति धीमा करते ही रोड किनारे आग ताप रहे तीन-चार लड़के दौड़ते हुए आये और टैंकर को रोक लिया। टैंकर का दरवाजा को खोलकर मारपीट करने लगे। हेल्पर अंकित ने बीच बचाव किया। इस दौरान अज्ञात लुटेरे 3000 रुपए लूटकर भाग गए।

### बाइक की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**दुर्ग।** सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत के बाद मोहन नगर थाना पुलिस ने बाइक सीजी 08 एएन 2968 के चालक के खिलाफ 06(1) बीएनएस और 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विगत 3 दिसंबर को काली मंदिर के आगे उरला में मोटर सायकल हारनेट क्रमांक सीजी 08 एएन 2968 का चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुए साइकिल सवार डोमार राम साहू पिता वैशाखु राम साहू उम्र 53 साल निवासी ग्राम कोटनी थाना पुलगांव को पीछे से ठोकर मार दी। गंभीर चोट के कारण उपचार के दौरान डोमार राम साहू का अस्पताल में मौत हो गया।

### भिलाई निगम ने बढ़ाया काउंटर शुल्क



**भिलाई।** भिलाई महापौर परिषद की बैठक में निगम की वित्तीय आय बढ़ाने हेतु आवेदन शुल्क में वृद्धि किये जाने प्रस्तुत प्रस्ताव में संकल्प पारित किया गया है। जिसके आधार पर काउंटर आवेदन फार्म में निम्नानुसार शुल्क में संशोधन किया गया है। जैसे - भवन अनुज्ञा पक्का निर्माण फार्म 20 रुपये, भवन अनुज्ञा कच्चा निर्माण फार्म 10 रुपये, बिजली एनओसी फार्म 10 रुपये, स्वनिर्धारण संपत्तिकर विवरणी फार्म 10 रुपये, ठेकेदारी पंजीयन फार्म 10 रुपये, नामांतरण फार्म (निगम संपत्ति) 50 रुपये, लायसेंस नवीनीकरण हेतु आवेदन 10 रुपये, जन्म-मृत्यु के एक माह से अधिक किन्तु एक वर्ष के भीतर शपथ पत्र और विलंब शुल्क 10 रुपये, एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर कार्यपालन मजिस्ट्रेट की अनुमति एवं विलंब शुल्क 10 रुपये किया गया है। इसी प्रकार समाचार पत्रों में विज्ञापित भूखण्डों और दुकान निविदा/निलामी हेतु फार्म को योजना के नियमानुसार शुल्क लिया जाएगा।

## उल्लास साक्षरता : रविवार को 371 परीक्षा केंद्रों में हुई परीक्षा

# जिले में 40% असाक्षर परीक्षा देने ही नहीं आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

उल्लास साक्षरता परीक्षा महाभियान रविवार को आयोजित हुई। इस महाभियान में 40 प्रतिशत असाक्षर परीक्षा देने ही नहीं आए। जिले में पिछले साल आयोजित परीक्षा में बैठे असाक्षरों को सर्टिफिकेट ही नहीं मिला। इसलिए इस बार परीक्षा दिलाने में असाक्षर लोगों ने दिलचस्पी ही नहीं दिखाई। जिले में आयोजित इस परीक्षा में 16 हजार 223 असाक्षरों को साक्षर करने के लिए परीक्षा ली गई थी लेकिन 9 हजार 582 ही शामिल हुए। 6 हजार 641 परीक्षा नहीं देने वालों की अगली परीक्षा फिर से ली जाएगी।



### 86 साल की बुजुर्गों ने भी दी परीक्षा

परीक्षा के दौरान केंद्रों में ऐसा भी नजारा देखने मिला कि 86 साल की बुजुर्ग महिला और पुरूष भी साक्षर होने के लिए जूझते मिले। बुजुर्गों को उनकी बहुएं परीक्षा केंद्र तक लेकर आई थी। वहीं कई केंद्रों में शादीशुदा युवा महिलाएं भी परीक्षा में शामिल हुई है। इन दिनों धान कटाई चल रही है उसके बाद भी कई केंद्रों में अच्छी उपस्थिति से इस अभियान की सफलता का आंकलन विभाग कर रहा है।

### सर्टिफिकेट नहीं मिला

फरीदनगर और कोहका परीक्षा केंद्र में पहुंचे परीक्षार्थियों ने बताया कि पिछले साल भी नव भारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के तहत बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान की महापरीक्षा करवाई गई थी। समस्या यह है कि उस परीक्षा को एक साल पूरा होने को है, लेकिन एक भी परीक्षार्थी को अभी तक सर्टिफिकेट नहीं मिला।

### 371 परीक्षा केंद्रों में शाम तक इंतजार

नवभारत उल्लास साक्षरता परीक्षा महाभियान के लिए दुर्ग जिले में 371 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के भीतर किसी भी समय असाक्षरों को परीक्षा देने आना था। हाल यह था कि ज्यादातर केंद्रों में पर्यवेक्षक असाक्षरों का इंतजार करते रहे लेकिन गिनती के पहुंचे। जिसकी वजह से अब शेष लोगों को साक्षर बनाने के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित करनी पड़ेगी।

### सबसे ज्यादा महिलाएं हुई परीक्षा में शामिल

साक्षर होने में महिलाओं ने सबसे ज्यादा रूचि दिखाई। कुल 7 हजार 697 महिला असाक्षरों ने परीक्षा दी है। वहीं असाक्षर पुरूषों की संख्या महज 1 हजार 885 रही। दुर्ग ब्लॉक में 3 हजार 513 महिलाएं शामिल हुई। पाटन ब्लॉक में 2 हजार 59 महिलाएं और धमधा ब्लॉक में 2 हजार 125 महिलाओं ने परीक्षा दी। पुरूषों में दुर्ग ब्लॉक में 814, पाटन ब्लॉक में 519 और धमधा ब्लॉक में 552 ने परीक्षा दी है।

### टारगेट से ज्यादा रजिस्ट्रेशन का रिकार्ड, फिर भी नहीं पहुंचे लोग

दुर्ग जिले में पिछले साल उल्लास साक्षरता परीक्षा महाभियान की शुरूआत की गई । जब असाक्षर लोगों का रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ तो टारगेट से ज्यादा लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। वर्ष 2024 में जिले को टारगेट 30 हजार को साक्षर करने के लिए मिला लेकिन जब रजिस्ट्रेशन किया गया तो 32602 असाक्षरों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जिसमें दुर्ग ब्लॉक से 12791, पाटन ब्लॉक से 10620 और धमधा ब्लॉक से 9191 असाक्षर शामिल थे। इनकी परीक्षा 714 केंद्रों में ली गई लेकिन 16984 असाक्षर ही बैठे।

### कोहका में 79 में से सिर्फ 6 पहुंचे फरीदनगर में 30 लोग परीक्षा में बैठे

प्राथमिक शाला फरीदनगर में 27 और माध्यमिक शाला के 3 परीक्षार्थी शामिल हुए। यानी कुल 30 लोग परीक्षा देने पहुंचे। दूसरी तरफ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोहका की स्थिति और कमजोर रही। यहां 79 लोगों को परीक्षा देना था, लेकिन सिर्फ 6 परीक्षार्थी पहुंचे। इनमें 4 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल रहे। संख्या के मामले में फरीदनगर की उपस्थिति कोहका से कहीं बेहतर दिखी।परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू होनी थी, लेकिन परीक्षार्थियों की सुस्ती साफ नजर आई। दोपहर 12 बजे तक एक-एक कर लोग स्कूल पहुंचते रहे और धीरे-धीरे बैठना शुरू किया। उपस्थिति का ये अंतर और देर से पहुंचने का सिलसिला बताता है कि साक्षरता कार्यक्रम का असर कितना कमजोर है और जमीन पर इसे लेकर उत्साह कितना कम।

**छूटे हुए की और होगी परीक्षा**

जो लोग परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं उनकी परीक्षा आगे ली जाएगी। इसकी तिथि राज्य से आएगी। मैंने धमधा के परसकोल, पेड्रावन, मोतिमपुर, बरहापुर सहित कई केंद्रों का निरीक्षण किया है। इन दिनों धान कटाई चल रही है उसके बाद भी इतने असाक्षरों का परीक्षा में शामिल होना उनकी दिलचस्पी को दिखाता है। हमारा लक्ष्य है कि जिले के सभी असाक्षर को साक्षर करना है।
-**अरविंद कुमार मिश्रा**, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

## बीएकेएस यूनियन चुनाव

# अमर सिंह अध्यक्ष और किशोर कुमार महासचिव निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ का आंतरिक चुनाव रविवार को गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ । अध्यक्ष पद पर अमर सिंह ने निरंजन कुमार को पराजित किया। महासचिव पद पर किशोर कुमार साहू चुने गए। उन्होंने ओम प्रकाश मार्कोले को हराया ।

चुनाव अधिकारी सुनील शर्मा थे । अध्यक्ष पद के लिए कुल 820 मतदाताओं में से 68% ने मतदान किया । अमर सिंह को 67 प्रतिशत तथा निरंजन कुमार को 33 प्रतिशत मत प्राप्त हुआ । वही महासचिव किशोर साहु को 63 प्रतिशत तथा ओमप्रकाश मार्कोले को 37 प्रतिशत मत प्राप्त हुए ।

कोषाध्यक्ष पद पर नवीन कुमार मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित हुए ।निर्वाचित पदाधिकारियों को कई चुनौतियों का सामना करना होगा। इसके तहत यूनियन को मजबूत करना, बीएसपी तथा सेल प्रबंधन की निगेटीव कर्मचारी विरोधी भूमिका को हर फोरम पर उठाना, सभी जायज मूद्दो पर न्यायालय में मुकदमा दर्ज करवाना , वेज रीविजन, एरियर, इंसेंटीव, बोनस, स्थांतरित कर्मचारियों के मुद्दो के लिए संघर्ष तेज करना है। आगे अब निर्वाचित वर्किंग कमिटी में से उपाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, उपमहासचिव, उप कोषाध्यक्ष तथा सचिव पद के लिए आंतरिक चुनाव होगा । जिसमें निर्वाचित वर्किंग कमिटी मेंबर मतदाता होंगे ।

# देश में फैली सामाजिक और आर्थिक विषमता को दूर करना ही बाबा साहब को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला शाखा एवं महिला सशक्तिकरण संघ के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि बड़े सादगी पूर्ण ढंग से संविधान चौक में मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ट्रस्टी एसआर कांडे, आयुष्मान संजय सेंद्रे, आयुष्मति प्रज्ञा बौद्ध ने तथागत भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब की छायाचित्र पर माल्या अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया। बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं के द्वारा बुद्ध वंदना त्रिशरण एवं पंचशील का सामूहिक गायन किया। इसके बाद नूतन पाखी डे ने संविधान के उद्देशिका का शपथ दिलाई।

संजय सेंद्रे ने बताया कि संविधान को 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन में कैसे पूर्ण किया। बाबा साहब के परिश्रम को याद किया गया। इस अवसर पर सुधा डोंगरे, सुनंदा गजभिए, शोभा जमुलकर मौजूद थे। प्रज्ञा बौद्ध ने भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने की बात कही। उनके विचारों को जन-जन तक फैलाएं, यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# मिशन लक्ष्मी स्वास्थ्य शिविर में छात्राओं को किया जागरूक, सिकलिंग और ब्लड ग्रुप की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ 122 छात्राओं व महिला-कर्मियों की जांच, 48 ब्लड सैम्पल्स संग्रहित





बीएसपी के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र (जेएलएनएचआरसी) द्वारा निगमित सामाजिक उत्तर्दायित्व विभाग (सीएसआर) के सहयोग से सेक्टर 6 स्थित गुरुनानक स्कूल में मिशन लक्ष्मी के अंतर्गत छात्राओं, फैकल्टी तथा कॉन्ट्रैक्चुअल महिला स्टाफ के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर थे । अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो तथा महाप्रबंधक संजय दवे विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों के माध्यम से छात्राओं को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। डॉ. शुभमिता ने बाल स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, जबकि डॉ. निशा ठाकुर ने प्रजनन स्वास्थ्य, कैंसर जागरूकता और मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरुक किया । पारोमिता दासगुप्ता ने स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार पर वक्तव्य दिया। हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्लूकोज, सिकलिंग तथा ब्लड ग्रुप की जाँचें की गईं। 122 छात्राओं, स्टाफ और शिक्षकों ने शिविर में भाग लिया तथा 48 ब्लड सैम्पल्स का संग्रह किया गया। छात्राओं के प्रश्नों के शैक्षणिक उत्तर जेएलएनएचआरसी की टीम ने दिए। प्रतिभागियों को क्विज़ के माध्यम से स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी देने के साथ 25 पुरस्कार भी वितरित किए गए।

# मृदा स्वास्थ्य कृषि में उपयोगिता विषय पर जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा द्वारा जिले के विकासखण्ड पाटन के ग्राम-चंगोरी में 'मृदा स्वास्थ्य कृषि में उपयोगिता' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कृषकों को मृदा स्वास्थ्य जॉच की आवश्यकता क्यों है? खेते में क्या-क्या फायदे है कैसे किया जाता है और इसके जॉच की 'मृदा हेल्थ कार्ड' का कैसे उपयोग किया जाता है इसकी विस्तृत जानकारी किसानों को दी गई। किसानों के खेत पर प्रायोगिक रूप से मृदा परीक्षण हेतु मिट्टी का नमूना कैसे लिया जाता है इसकी विस्तृत प्रायोगिक जानकारी दी गई।

मृदा स्वास्थ्य पर मृदा वैज्ञानिक डॉ. ललिता रामटेके ने पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. मनीष कुमार वर्मा और डॉ. विनय कुमार नायक कृषि वैज्ञानिक सहित अनेक किसान भाई उपस्थित थे।इसी अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के सभागार में मृदा स्वास्थ्य दिवस पर विशेष परिचर्चा भी आयोजित की गई जिसमें पाटन क्षेत्र के समस्त कृषि विस्तार अधिकारी सहित कृषकों ने भी भाग लिया।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## बीडब्ल्यू ने सीजीएम से की मांग

# बीएसपी में सुरक्षा और वेलफेयर को सुदृढ़ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



बीएसपी वर्कर्स यूनियन भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मियों के इंसेटिव स्कीम को रिवाइज किए जाने की मांग की है। यूनियन ने प्रबंधन का ध्यानाकर्षण किया कि कर्मचारियों को अन्य यूनिटों के अपेक्षा काफी कम इंसेंटिव मिलता है जो उनके आर्थिक स्थिति एवं आवश्यकताओं को अत्यधिक प्रभावित करता है

यूनियन ने सेफ्टी पर कहा कि कर्मचारियों जिसमें ठेका श्रमिक भी शामिल हैं को मिलने वाले व्यक्तिगत सुरक्षा के साधनों उनकी उपलब्धता एवं क्वालिटी के बारे में चर्चा की । मुख्य महाप्रबंधक से कर्मचारियों के रेस्ट रूम, ऑपरेटर केबिन, कैंटीन, पीने योग्य पानी तथा महिला और पुरुष कर्मचारियों के टॉयलेट संबंधी सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की। यूनियन प्रतिनिधिमंडल को महा प्रबंधक ने बताया कि कर्मचारियों की सुरक्षा और वेलफेयर उनकी प्राथमिकता में है।

उन्होंने बताया कि विभाग में "घर से घर तक" के तहत हर सप्ताह 50 से 55 ठेका श्रमिकों को शाम के समय एचआरडीसी में परिवार के साथ जिसके पति - पत्नी शामिल होते हैं बुलाकर सुरक्षा पर चर्चा की जाती है और उनके लिए विभाग द्वारा डिनर की भी व्यवस्था की जाती है।

### सेफ्टी पर पर दी जानकारी

सीजीएम ने यूनियन को बताया कि विभाग का डीएसओ व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है जिसमें सभी ठेका श्रमिक एवं रेगुलर कर्मचारी, अधिकारी जुड़े हुए हैं सभी को निर्देशित किया गया है जहां पर भी अनसेफ जगह दिखे आप फोटो खींचकर, वीडियो बनाकर व्हाट्सएप करें जिस पर मुख्य महाप्रबंधक द्वारा स्वतह संज्ञान लिया जाता है । प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से यूनियन के कार्यकारी महासचिव शिव बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेख मेहमूद , उप महासचिव विमल कांत पांडे, राजकुमार सिंह , लुमेश कुमार, वरिष्ठ सचिव धनंजय कुमार गिरी उपस्थित थे ।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025


Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


## फैला रंगों का उजियारा, हायो रब्बा पर झूमे बच्चे



इस वर्ष के आयोजन में दौड़ और मटकी फोड़ सहित कई प्रमुख खेल शामिल थे। इसके साथ ही पहली बार इन विशेष बच्चों के लिए बोचे गेम्स भी रखा गया, जिसमें एक निर्धारित घेरे में गेंद को फेंकना था। बच्चों ने इसका खूब आनंद लिया। इन बच्चों ने ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता में भी खूब उत्साह से भाग लिया। बच्चों ने अपने कल्पना के रंग भरे। वहीं खेल और पेंटिंग से फुरसत पाने के बाद इनाम मिलने की खुशी में बच्चों ने जम कर डांस किया। 'हायो रब्बा' गीत पर बच्चे देर तक उल्लास के साथ झूमते रहे। बच्चों के साथ-साथ उनके शिक्षकों ने भी आयोजन का आनंद लिया।

### लाइव इवेंट

## योग साधकों ने शरीर को स्वस्थ रखने दी एक्यूप्रेशर और न्यूरोथेरेपी की जानकारी



**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक के क्लब हाउस प्रांगण में पांच दिनों तक चले निःशुल्क योग एवं चिकित्सा शिविर का समापन हो गया। शिविर में लोगों को विभिन्न योगासनों के माध्यम से खुद को स्वस्थ रखने के लिए एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति और न्यूरोथेरेपी चिकित्सा पद्धति के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी नरेंद्र सिंह पटेल, न्यूरोथेरेपिस्ट श्रीनिवास राव, योग साधकों राजेंद्र प्रसाद शर्मा, राजेश तिवारी, आरती शर्मा, जेआर बिसेन, आरपी सिंह, रामगोपाल साहू और वंदना साहू का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान भी किया गया।

- तालपुरी में पांच दिवसीय नि :शुल्क योग व चिकित्सा शिविर का समापन

शिविर में एक्यूप्रेशर के पाइंट्स की स्थिति और उन पर संतुलित तरीके से उंगलियों के जरिये दबाव डालने की प्रक्रिया के बारे में लोगों को डेमो करके बताया गया। शिविर में विशेष सेवाएं देने वाले न्यूरोथेरेपिस्ट श्रीनिवास राव ने लोगों को अपनी जानकारी साझा करते हुए बताया कि न्यूरोथेरेपी विशुद्ध रूप में प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति है, पहले इस चिकित्सा को नाड़ी मर्दन चिकित्सा पद्धति कहा जाता था। पूर्व में यह पद्धति राजा-महाराजाओं के जमाने में ज्यादा प्रचलित थी, जिस पर न्यूरोथेरिपी के जनक डॉ लाजपतराय मेहरा ने शोध करके इसे आधुनिक चिकित्सा पद्धति का रूप दिया।

श्रीनिवास राव ने न्यूरोथेरिपी के काम करने के संबंध में बताया कि यह पद्धति नाभि के विस्थापन का कारण बनने वाली स्थितियों को रोकने में मदद करती है। बी ब्लॉक एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर देशमुख ने इस अवसर पर विश्व योग दिवस से पहले विशेष योग शिविर आयोजित करने और पार्षद सविता ढवस ने इसमें और भी लोगों को जोड़ने के लिए अभियान चलाने का संकल्प व्यक्त किया। शिविर के आयोजन में समिति के सदस्यों रवींद्र देवांगन, बी तुलसी, हंसमणि राय, निर्मला चंद्राकर, गीता सिंह, गौरी देवांगन तथा असीम सिंह की खास भूमिका रही।



## दिव्यांग बच्चों का वार्षिक खेल मेला 'उड़ान' में विशेष स्कूलों के 500 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने दिखाई प्रतिभा

# शारीरिक अक्षमताओं को पीछे छोड़ फैलाया रंगों का उजियारा, हायो रब्बा पर झूमे, हर खेल में रहे आगे, कहा-हम किसी से कम नहीं

**भिलाई। स्पेशल ओलंपिक्स भारत छत्तीसगढ़ के सहयोग से सामाजिक संगठन जीई फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को दिव्यांग बच्चों के लिए वार्षिक खेल मेला उड़ान का आयोजन किया। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के 15 विशेष स्कूलों के 500 से ज्यादा बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया। ये बच्चे जहां खेल की विभिन्न विधाओं में आगे रहे वहीं ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भी अपनी कल्पना के खूब रंग भरे। आयोजन में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव और धमतरी के विद्यालयों के विशेष बच्चों ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान अतिथियों की ओर से स्पेशल ओलंपिक्स, एशियन गेम्स और नेशनल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों और उनके प्रशिक्षक को भी सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय-अशासकीय समस्त संस्थानों से आए अतिथियों ने इन बच्चों की हौसला अफजाई की और इनके शिक्षकों को भी सराहा।**



### ऐसे आयोजनों से बच्चों की निखरती है प्रतिभाएं

बच्चों और उनके शिक्षकों को सम्मानित करते हुए छत्तीसगढ़ स्पेशल ओलंपिक के प्रमुख डॉक्टर प्रमोद तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से इन विशेष बच्चों की प्रतिभाएं निखरती हैं और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर वर्णिका शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों की मुस्कान हमेशा कायम रहे, ऐसा प्रयास हम सभी का होना चाहिए। दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि इन विशेष बच्चों के भविष्य को लेकर भी शासन सजग है और उनके निगम की ओर से आगे इनके बालिग होने पर हर संभव सहायता व मार्गदर्शन इन्हें दिया जाएगा। इससे पहले जीई फाउंडेशन की ओर से मृदुल शुक्ला ने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की।





### बच्चे हमारे समाज की धरोहर : रिकेश

भिलाई निवास के सामने स्थित मैदान में रविवार की सुबह उपस्थित अतिथियों ने प्रतीक स्वरूप गुब्बारे उड़ाकर 'उड़ान' का औपचारिक शुभारंभ किया। आयोजन में विभिन्न संस्थानों से आए विशेष बच्चों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई थी। यहां बच्चों ने ड्राइंग एवं पेंटिंग में उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान सुबह से शाम तक दिव्यांग बच्चों के लिए विविध खेल प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें इन बच्चों ने शारीरिक अक्षमता को पीछे छोड़ते हुए मैदान में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन में पहुंचे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि ये विशेष बच्चे हमारे समाज की धरोहर हैं और इन्होंने अपनी प्रतिभा से साबित किया है कि ये किसी भी सामान्य बच्चे से कम नहीं है।

### अतिथियों ने इन बच्चों का बढ़ाया हौसला



आयोजन को दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, भिलाई स्टील प्लांट के कार्यपालक निदेशक रावघाट अरुण कुमार, कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन एके चक्रवर्ती, मुख्य महाप्रबंधक विजय कुमार बेहरा, प्रसन्नजीत दास, सेफी चेयरमैन नरेंद्र कुमार बंछोर, सीआईएसएफ के कमांडेंट अभिजीत कुमार और भाजपा प्रदेश युवा कार्यसमिति सदस्य मनीष पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया और इन बच्चों की हौसला अफजाई की। इसके साथ ही समग्र पुनर्वास केंद्र राजनांदगांव की ओर से एक विशेष स्टॉल लगाया गया। आयोजन स्थल पर बच्चों के लिए मेडिकल जांच, न्यूट्रिशन विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन तथा आवश्यक परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में ई वी मुरली, भिलाई नायर समाजम के प्रेसिडेंट मधु पिल्लई, जॉर्ज कुरियन, जी ई फाउंडेशन की ओर से मनीष टावरी, ज्योति पिल्लई, सुभागा सुरेश, अनुपमा मेश्राम, सुरुचि टावरी, मोनिका सिंह, स्वाति बारीक, स्वाति पंडवार, विशाखा सुरेखा, सुरेश, सोनम सागर, साक्षी पांडे, प्रकाश देशमुख, संजय मिश्रा, के.सुरेश, के. विनोद, जावेद खान, नीलकमल सोनी, देवनारायण, पी. रविकुमार और आर. शैलेष सहित कई प्रमुख लोगों की भागीदारी रही। समूचे कार्यक्रम का संचालन सत्यवान नायक ने किया।

## नौ दिवसीय त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पहले दिन गाजे-बाजे संग निकाली कलश यात्रा

**भिलाई।** वीआईपी नगर, फेस-2, शिव मंदिर के पास, रिसाली में 7 से 15 दिसंबर तक आयोजित नौ दिवसीय त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पहले दिन कलश यात्राएं निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने सिर पर कलश रखकर, मंगल गीत गाते हुए और ढोल-नगाड़ों के साथ नगर भ्रमण किया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के दौरान राधे-राधे, जय श्री राम और ॐ नमो भगवते वासुदेवाय जैसे जयकारे गूंजते रहे। साथ ही भजन-कीर्तन और डीजे की धुन पर भक्त नाचते-गाते आयोजन स्थल तक पहुंचे। भक्तिमय माहौल में भागवत कथा के पहले दिन कथावाचक भूपत नारायण शुक्ला ने कथा के महत्व, उसके सार और जीवन जीने की कला के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा को सुनने से भक्तों को ज्ञान, भक्ति और मोक्ष का मार्ग मिलता है। समर्पण, सेवा और त्याग से आज हम सभी बड़े भाग्यशाली और किस्मत वाले जो आयोजनकर्ता विष्णु पाठक के द्वारा कथा का रसपान कर पा रहे है। क्योंकि महल में बैठना सहज स्वाभाविक है मंत्री नेताओं को सभा में बैठना सहज स्वाभाविक है लेकिन भगवान के श्री चरणों में बैठना बहुत बड़े ही भाग्य और किस्मत की बात होती है। ईश्वर का सानिध्य प्राप्त करने वाले भाग्यशाली होते हैं।





## बाबा भोला शाह खानकाह में उर्स शुरू, होगा आम लंगर



**भिलाई।** चिश्तिया, साबिरिया अमजदिया, मुरादिया, भोलाइया सिलसिले के बुजुर्ग सूफी संत बाबा भोला शफी शाह रहमतुल्लाह अलैहि का तीन दिवसीय उर्स मुबारक 7 दिसंबर से 9 दिसंबर तक मनाया जाएगा। नंदिनी नगर एयरोड्रम के समीप ग्राम बीरेभाठ स्थित खानकाह आश्रम में गद्दीनशीन हजरत बाबा क़ायम शाह उफऱ्. बाबू सरकार की मौजूदगी व निगहबानी में इस दौरान परचम कुशाई से लेकर आम लंगर तक तमाम आयोजन होंगे।

इस संबंध में हाजी एमएच सिद्दीकी ने बताया कि पहले दिन उर्स की शुरुआत रविवार को शाम 4 बजे परचम कुशाई से हुई। इसके बाद रात में मिलाद-ए-मुस्तफा की महफिल सजाई गई। सोमवार शाम 4 बजे गागर शरीफ़ रस्म अदायगी की जाएगी। इसके बाद रात में ईशा की नमाज के बाद चादर शरीफ़ पेश करते हुए गुलपोशी की जाएगी। वहीं आम लंगर में सभी लोग शामिल होंगे। रात को समा महफिल में क़व्वाल अपने सूफियाना कलाम पेश करेंगे। आखिरी दिन मंगलवार सुबह 9 बजे से गद्दी शरीफ पर नज्र पेश की जाएगी। इसके बाद कुल रस्म अदायगी, फातेहा ख्वानी व दुआएं ख़ैर होगी। तीनों दिन आम लंगर जारी रहेगा। हाजी सिद्दीकी ने बताया कि उर्स की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है और देश के विभिन्न राज्यों से हर धर्म, मत व संप्रदाय के अकीदतमंदों का आने का सिलसिला शुरू हो गया है।

### सिटी इवेंट

## पोस्टर मेकिंग और मानव-श्रृंखला बनाकर किया एड्स के प्रति जागरूक



**भिलाई।** भिलाई में आईक्यूएसी, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब तथा डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता 7 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, स्किट प्रतियोगिता, मानव-श्रृंखला तथा रील निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई थीं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर एड्स-रहित समाज का संदेश दिया।

7 दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह की शुरुआत में रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. शिवानी शर्मा ने कहा एड्स की रोकथाम के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम अधिकारी संयुक्ता पाढ़ी ने कहा कि एन.एस.एस. का उद्देश्य युवाओं में सेवा, जागरूकता और उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना है। जागरूकता सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणादायी है।

- एड्स जागरूकता अभियान का सफल समापन समारोह आयोजित

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बी.एससी. बायोटेक्नोलॉजी, तृतीय सेमेस्टर चंचल सिन्हा, द्वीतीय पुरस्कार बी.कॉम थर्ड ईयर वर्ष नंदिनी कर, तृतीय पुरस्कार एम.एससी. माइक्रोबायोलॉजी प्रथम सेमेस्टर अदिति पाण्डेय विजेता रही। समारोह के अंत में प्राचार्या डॉ. हंसा शुक्ला ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में सामाजिक संवेदनशीलता और जन-जागरूकता की भावना को प्रबल करते हैं। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक रिया मंडल ने किया।



### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर-7 का आयोजन

## शुभ भावनाएं हमारे जीवन में सबसे शक्तिशाली अस्त्र है, महादानी बनकर अच्छे भाव का दान करें : वीणा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कर्नाटक हुबली से भिलाई पहुंची गीता ज्ञान विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने सत्य गीता ज्ञान से आंतरिक परिवर्तन विषय पर ब्रह्माकुमारी टीचर्स को ट्रेनिंग दे रही है। चार दिवसीय सत्य गीता ज्ञान टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के&nbs दिन बीके वीणा ने बताया कि सर्वशास्त्र शिरोमणि श्रीमद् भागवत गीता योग शास्त्र है ना की युद्ध शास्त्र। बाहुबल से विश्व पर किसी ने राज्य नहीं किया। सपना तो बहुतों ने देखा लेकिन विश्व पर रामराज्य स्वर्णिम भारत सिर्फ योग बल से स्थापना होगा। आत्मिक स्मृति स्वरूप और मनन द्वारा हम निश्चिंत जीवन जी सकते हैं, देह में रहते विदेही स्थिति आत्मअनुभूति करने का अभ्यास करना है।बीके वीणा ने कहा कि सब में विशेषता देखो जब हम देह अभिमान में होते हैं तो सबकी कमियां ही दिखाई देती है। शुद्ध भाव में शांत स्वरूप, प्रकाश स्वरूप शक्तिशाली शुद्ध विशेष आत्मा हूं। हमारे सर पर हमारी कमियों के बोझ के साथ दूसरों के कमियों को भी लेकर बैठे हैं, इसलिए अर्जुन परमात्मा से कहते हैं कि दिखावे के जीवन से मैं फंस गया हुं। तब कृष्ण सरल उदाहरण के द्वारा आज के कलयुग के मानव की व्यथा और गीता ज्ञान द्वारा समाधान बताया।



### अपना बेस्ट पार्ट प्ले करें



बीके वीणा ने संबंधों के प्रति बताया कि इस सृष्टि रूपी रंगमंच में परमात्मा ने हमें सभी के साथ पार्ट प्ले करने भेजा है तो मैं शुद्ध भाव से सभी के साथ अपना बेस्ट पार्ट प्ले करेंगे। इसीलिए शुभभावनाओं को देने में कंजूसी को छोड़ महादानी बन हमें सभी के प्रति अच्छी भावनाओं का दान करना है।हर समय मैं शुभकामनाओं से संपन्न आत्मा हूं का मनन करें।

### सभी के प्रति रखें शुभ भाव

बीके वीणा बहन ने बताया कि रावण परम ज्ञानी, तपस्वी, शिव भक्त था फिर भी अहंकार, घमंड के कारण सिर पर गधे का ताज दिखाते हैं, अपने जीवन में घमंड, अहंकार, अभिमान को त्याग कर धन्यवाद और आभार का भाव जागृत करें। हम जो बोलते हैं उससे ज्यादा हमारी शुभ-शुद्ध भावनाएं कार्य करती हैं। इसलिए शुभ भावनाएं हमारे जीवन में हमारा सबसे शक्तिशाली अस्त्र है हम जो भी सोचते हैं पूरे ब्रह्मांड में फैल जाता है, अच्छा बुरा व्यर्थ सब फैल जाता है इसीलिए सबसे पहले अपने प्रति विशेष शुभ-भावना रखो। शुभभावनाओं का फल सदा लाभदायक होता है।

सिटी इवेंट

## क्रॉस कंट्री दौड़ में प्रतिभागियों का किया गया उत्साहवर्धन



**भिलाई।** स्टील सिटी एथलीट क्लब भिलाई द्वारा रविवार को 17 वें छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया। एचटीसी कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू आयोजन में शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान मुख्य रूप से सांसद विजय बघेल, भिलाई नगर विधयक देवेंद्र यादव, आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक एम डी पिल्लई, अध्यक्ष हेमंत नेताम, कार्यकारी अध्यक्ष आर सुनील कुमार, पंडवानी गायिका पद्मश्री उषा बारले, बी एस पी नगर सेवा विभाग महाप्रबंधक एबी श्रीनिवास, सहायक महाप्रबंधक परविंदर सिंह, चेयरमेन सीजी स्टेट एथलीट एसोसिएशन जी एस बाम्बरा, सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय रिसाली कमांडेंट विवेक श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर आदि सहित बड़ी संख्या में युवा व बच्चे उपस्थित थे।



● देवांगन समाज में दिखावा, फिजूलखर्ची रोकने और कुरीतियों को समाप्त करने पर दिया जोर

# 254 युवक और 168 युवतियों ने जीवन साथी चुनने दिया परिचय, 43 विधवा और विधुर को भी मिला मंच

**भिलाई।** दुर्ग जिला देवांगन समाज के तत्वावधान में युवा एवं महिला प्रकोष्ठ के द्वारा रविवार को डॉ भीमराव आंबेडकर भवन, बैकुंठ धाम, कैम्प -2 भिलाई में देवांगन समाज का विशाल सामाजिक अधिवेशन एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में दुर्ग जिला के अलावा नागपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा आदि शहरों से भी लोग शामिल हुए। सम्मेलन में 254 युवकों एवं 168 युवतियों ने अपने जीवन साथी चुनने परिचय दिया। इसके साथ ही पुनर्विवाह के इच्छुक 43 तलाकशुदा, विधवा एवं विधुर को भी मंच मिला, जहां उन्होंने नए जीवनसाथी बनाने अपना परिचय दिया। सम्मेलन के दौरान बिहारी जंघेल की सांस्कृतिक संस्था छत्तीसगढ़ महतारी के कोरा के कलाकारों ने लगातार आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, धमधा जनपद उपाध्यक्ष प्रीति देवांगन, देवांगन समाज कोष्टा कोष्टी समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, शंकरलाल देवांगन, धनेश देवांगन, जिला अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन, सचिव धनुष देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लिमज़े आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमचंद देवांगन की।



### समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देवांगन समाज शिक्षित, संगठित और छत्तीसगढ़ का अग्रणी समाज है। इस समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। समाज के लोग शासन के प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं। यह बड़ी उपलब्धि है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने परिचय सम्मेलन में भारी भीड़ को देखते हुए कहा कि यह देवांगन समाज की एकता और सशक्त संगठन को प्रदर्शित करता है। उन्होंने अपने द्वारा सामाजिक संस्थाओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे निःशुल्क पानी बाटल सप्लाई की शुरुआत देवांगन समाज के इस सम्मेलन से किया साथ ही उन्होंने परमेश्वरी विद्यालय सुपेला में भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपए एवं कोहका में भवन के लिए 10 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। अधिवेशन में आयोजित सामाजिक संगोष्ठी में देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने देवांगन समाज के द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह को बढ़ावा देने, दिखावा एवं फिजूलखर्ची रोकने, सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को समाप्त करने आदि की आवश्यकता पर सारगर्भित आधार वक्तव्य दिया।






### स्मारिका का हुआ विमोचन

अतिथियों ने एक स्मारिका का भी विमोचन किया, जिसमें देवांगन समाज के लगभग एक हजार विवाह योग्य युवक युवतियों का विवरण, समाजोपयोगी लेख-कविताएं एवं अन्य उपयोगी जानकारियां प्रकाशित की गई है। सम्मेलन में सीजी पीएससी में चयनित डिप्टी कलेक्टर यशवंत देवांगन, लक्ष्मी देवांगन सहित अन्य प्रतिभाओं का समाज के द्वारा सम्मान किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर देवांगन समाज के जिला अध्यक्ष पुराणिक राम देवांगन, कार्य. अध्यक्ष राकेश देवांगन, सचिव धनुष राम देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लिमजे, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कीर्ति देवांगन, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आशीष देवांगन, सोहनलाल देवांगन सहित, जिला, ब्लाक, मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा समाज की महिलाएं, पुरूष एवं युवा वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन घनश्याम देवांगन, गिरधरलाल देवांगन और पिंकी देवांगन और आभार प्रदर्शन राजेन्द्र लिमजे ने किया।

धर्म लाइव

## विधिवेत्ता कनक तिवारी का अधिवक्ताओं ने किया सम्मान



**भिलाई।** प्रमुख विधिवेत्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता कनक तिवारी ने दुर्ग न्यायालय में अधिवक्ताओं से सौजन्य भेंट की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उनका सम्मान किया। श्री तिवारी ने अधिवक्ताओं ने संबोधित किया और वकालत के पेशे से जुड़े अपने कई अनुभव सुनाए।

सदस्यों ने उनके सुदीर्घ स्वस्थ जीवन की कामना की। श्री तिवारी ने अपने अनुभवों एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायलय में अपने वकालत के दिनों और महत्वपूर्ण मामलो के संस्मरण साझा किये। उन्होंने कहा कि मैंने अपने शहर दुर्ग में 1971 से लगभग 20 वर्षों तक इसी जिला न्यायालय में वकालत की है। यही मेरी वकालत की समझ की कोख रही है। यहां वकालत में इतना कुछ प्यार, धन और सम्मान भी मिला कि मैं बस इसी शहर में रच बस गया। इसके बाद फिर मैं जबलपुर उच्च न्यायालय बिलासपुर उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करने गया था। इस दौरान श्री तिवारी के पौत्र और वकालत के स्टूडेंट अंतस तिवारी भी साथ थे। आयोजन में जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता शकील अहमद सिद्दीकी ने किया। आयोजन में अजय मेश्राम, विष्णु मिश्रा, फिरोज खान, एनकेपी सिंह, हरे कृष्ण तिवारी, आकाश कस्सू, पूजा सिंह, करण जंघेल, शमसुद्दीन मिर्जा, नरसिंह शर्मा, एसएम पांडेय, अजय राजपूत, कृष्ण कुमार,पेशन देव हिरकने, ललित सेन, गणेश कुमार ध्रुव वंशी, टिकेश्वर कुमार कुर्रे, उषा भारती, प्रहलाद क्षीरसागर, अभिषेक जैन, ज्ञानचंद टेम्भुरकर, विश्वजीत, आकांक्षा, संतोष सोनी, सविता पाध्ये और अमन सिंह सहित कई अधिवक्तागण मौजूद थे।



## वार्षिक संगीत एवं नृत्य ओपन प्रतियोगिता 22 से

**भिलाई।** बीएसपी के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा ओपन संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 26 दिसम्बर के मध्य महात्मा गांधी कलामंदिर, सिविक सेंटर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कर्नाटक (सुगम, शास्त्रीय गायन), हिन्दुस्तानी (सुगम, शास्त्रीय गायन), लोक गायन, एकल नृत्य (भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, ओडिसी), हिन्दुस्तानी वाद्य (तंतु वाद्य एवं ताल वाद्य) तथा ओपन आयु वर्ग समूह में नृत्य स्पर्धा का आयोजन होगा। आयु समूह को दो वर्गों में 6 से 12 वर्ष एवं 13 से 18 वर्ष में विभक्त किया गया है। कोई भी प्रतिभागी मात्र दो ही विधा में भाग ले सकते है। प्रतियोगिता के लिए प्रवेश पत्र 19 दिसम्बर तक प्रदान किये जायेंगे। प्रवेश पत्र जमा करने की अन्तिम तारीख 20 दिसम्बर है।

कीटनाशक प्रबंधन पर करेंगे काम

## पीएमए ने नदीम को नियुक्त किया छत्तीसगढ़ रीजन प्रमुख



**भिलाई।** कीटनाशक प्रबंधन की सुरक्षित प्रणाली को बढ़ावा देने अग्रणी राष्ट्रव्यापी संगठन पेस्ट मैनेजमेंट एसोसिएशन पुणे पीएमए ने जाने-माने कीटनाशक प्रबंधक प्रोफेशनल मोहम्मद मजहर नदीम को छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय प्रमुख के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति इंडस्ट्री में उनके लम्बे अनुभव, उत्कृष्ट कार्य और निरंतर समर्पण को ध्यान में रखते हुए की गई है।



नव-नियुक्त रीजन चीफ़ मोहम्मद मजहर नदीम ने इस अवसर पर कहा-यह मेरे लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि एक नई जिम्मेदारी और मुझ पर जताया गया विश्वास है। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए पीएमए के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार जताया है।

उन्होंने आगे कहा कि वे छत्तीसगढ़ में पेस्ट कंट्रोल क्षेत्र से जुड़े सभी सेवा प्रदाता, तकनीशियन और उपभोक्ताओं के लिए नए स्तर पर सहयोग, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे। पीएमए के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि नई जिम्मेदारी के साथ मोहम्मद मजहर नदीम छत्तीसगढ़ रीजन में संगठनात्मक मजबूती, सेवा गुणवत्ता और इंडस्ट्री विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

सिंदूर कप रात्रिकालीन फुटबॉल

## रूंगटा कॉलेज, शांतिनगर और चरोदा की टीम रही विजेता



**भिलाई।** सिंदूर कप रात्रि कालीन मोहल्ला फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार रात को तीन मैच खेले गए। इसमें रुंगटा कॉलेज, शांतिनगर और चरोदा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि शांतिनगर मैदान में आयोजित सिंदूर कप रात्रि कालीन मोहल्ला फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार रात को पहला मैच रुंगटा कॉलेज भिलाई एवं नाइजीरियाई 11 के मध्य खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में रुंगटा कॉलेज ने 2-1 से नाइजीरियाई 11 को हरा दिया। दूसरा मैच शांति नगर एवं आईआईटी भिलाई के मध्य खेला गया। शांति नगर के सनी अंद्रे के शानदार गोल की बदौलत टीम ने 2-1 से मैच जीता। तीसरा मैच बीएमवाई चरोदा एवं दुर्ग 11 के मध्य खेला गया। इस मैच में चरोदा ने 7-1 से जीत दर्ज की। रविवार रात्रि का पहला मैच आईआईटी और खुर्सीपार, दूसरा मैच नाइजीरिया 11 और दुर्ग के मध्य, तीसरा मैच शांतिनगर एवं वैशाली नगर के मध्य, चौथा मैच रुंगटा कॉलेज एवं चरोदा के मध्य खेला गया।

बीबीएस की ड्राइंग प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

## 6 सौ बच्चों ने रचनात्मकता, पर्यावरण समाज और कल्पनाओं को केनवास पर उतारा

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज बीबीएस द्वारा रविवार को ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग-भिलाई में किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं तक के करीब 600 बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों के साथ उनके परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विजेताओं सम्मान नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर 22 जनवरी तथा 23 जनवरी को फूड फेस्टिवल के दिन ओपन एयर थिएटर सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा। कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी ने अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उतराने का प्रयास किया। किसी ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार तो किसी ने ड्राइंग के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।









### दुर्ग - भिलाई में 15 सेंटर में हुआ आयोजन

भिलाई बंगाली समाज के अध्यक्ष सुप्रोभात पाल, पूर्व अध्यक्ष मानव सेन और डीके दत्ता ने बताया कि ड्राइंग कॉम्पिटिशन के लिए दुर्ग - भिलाई में 15 सेंटर बनाए गए थे। इन सेंटरों में सेक्टर 1 मिलन संघ, सेक्टर 4 बीकेपी, सेक्टर 7 वाटर टेंक डोम शेड, हुडको कालीबड़ी, दुर्ग कालीबाड़ी, स्मृति नगर कालीबड़ी, राधिका नगर कालीबाड़ी, वैशाली नगर कालीबड़ी, हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी, सिंधिया नगर कालीबारी दुर्ग, मैत्री नगर दुर्गा मैदान, बोरसी सांस्कृतिक भवन, नेहरू नगर कालीबड़ी, प्रगति नगर हिंदू मिलन मंदिर, चौहान टाउन सहित स्नेह संपदा स्कूल, प्रयास मूक बधिर स्कूल आदि स्थानों में सुबह 9.30 बजे से प्रतियोगिताएं शुरू की जाएगी। ग्रुप ए में नर्सरी से लेकर कक्षा पहली, ग्रुप बी में कक्षा दूसरी से लेकर कक्षा चौथीं, ग्रुप सी में कक्षा पांचवीं से लेकर कक्षा सातवीं और ग्रुप डी में कक्षा आठवीं से लेकर कक्षा दसवीं के बच्चे शामिल थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वेट और पेट होगा कम, सुबह बिस्तर पर ये योगासन करें



अब सर्दियों में भी वजन और पेट की जिद्दी चर्बी कम करना आसान हुआ! दो बेहद आसान योगासन के बारे में जानें, जो पेट के बल बिस्तर पर ही लेटकर किए जाते हैं और सिर्फ 10 मिनट में पेट की चर्बी घटाने में मदद करते हैं। योग गुरु ग्रैंड मास्टर अक्षर के बताए इन आसनों से पाएं फ्लैटटमी और बेहतर लचीलापन।

हम महिलाएं अक्सर घर-परिवार, कामकाज और अनगिनत जिम्मेदारियों में इतनी खो जाती हैं कि अपने शरीर और मन की जरूरतों को सबसे पीछे रख देती हैं। बढ़ती उम्र, हार्मोनल बदलाव और भागदौड़ भरी दिनचर्या के बीच पेट के आस-पास जमा जिद्दी चर्बी एक आम, लेकिन परेशान करने वाली समस्या बन जाती है। ऐसे में जिम जाने या लंबा वर्कआउट करने का समय निकाल पाना भी मुश्किल होता है। सर्दियों में तो यह सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है, क्योंकि सुबह बिस्तर से निकलने का मन ही नहीं करता है।

इसी चुनौती का आसान समाधान योग मास्टर, स्पिरिचुअल गुरु और लाइफस्टाइल कोच योग गुरु ग्रैंड मास्टर अक्षर लेकर आए हैं। उनका मानना है कि योग आपको न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि रीढ़ की हड्डी में लचीलापन और मन में स्थिरता भी बढ़ाता है। सही आसन और नियमित अभ्यास किसी भी परेशानी को मात देने की शक्ति देते हैं। इसी प्रेरणा के साथ आज हम आपके लिए दो ऐसे खास योगासन लेकर आए हैं, जिन्हें आप सुबह बिस्तर पर पेट के बल लेटकर आसानी से कर सकती हैं। इन्हें करने में सिर्फ 10 मिनट लगते हैं और नियमित अभ्यास से सिर्फ 1 हफ्तेमें पेट की चर्बी में हल्का-सा बदलाव महसूस होने लगता है। न थोड़ी जगह की जरूरत, न किसी उपकरण की, बस अपने लिए कुछ मिनट और बदलाव की एक छोटी-सी शुरुआत।

#### धनुरासन - पेट की चर्बी का 'काल'



धनुरासन पेट की चर्बी पर सबसे ज्यादा प्रेशर डालता है। यह पाचन क्रिया को तेज करता है और वेट लॉस में मदद करता है। पेट के बल लेटकर शुरुआत करें। पैरों को घुटनों से मोड़ें और टखनों को पकड़ने के लिए हाथों को पीछे लेकर जाएं। सांस लेते हुए शरीर के ऊपरी हिस्से (चेस्ट) और शरीर के निचले हिस्से (जांघों) को फर्श से ऊपर उठाएं, जिससे आपका शरीर धनुष का आकार ले ले। चिन को धीरे से ऊपर की ओर मोड़ें। इसे बहुत धीरे-धीरे करें। इस मुद्रा में 15-20 सेकंड तक रहें, फिर सांस छोड़ते हुए आसन से बाहर आ जाएं और आराम करें।

#### भुजंगासन- पेट और रीढ़ को करे मजबूत



भुजंगासन आपकी पीठ को लचीला बनाता है और पेट की चर्बी पर सीधा प्रेशर डालकर कम करने में मदद करता है। पेट के बल लेटकर शुरुआत करें। अपनी हथेलियां कंधों के ठीक नीचे, जमीन पर रखें। पैरों को एक साथ रखें। पूरी तरह से सांस अंदर लें (पूरक)। कुछ देर सांस रोकें (कुंभक)। अब सिर, कंधों और धड़ को 30 डिग्री के कोण पर धीरे-धीरे ऊपर उठाएं। इस बात का ध्यान रखें कि आपकी नाभि जमीन पर टिकी रहे, कंधे चौड़े हों और सिर थोड़ा ऊपर की ओर उठा हुआ हो। इस आसन में 10 सेकंड के लिए रहें। धीरे-धीरे धड़ को नीचे लाएं और फिर सांस बाहर छोड़ें (रेचक)। यह श्वास तकनीक चिकित्सा की दृष्टि से काफी फायदेमंद है।

धनुरासन पेट पर ज्यादाप्रेशर डालता है। यह पेट की मांसपेशियों को खींचता और संकुचित करता है, जिससे पेट की जिद्दी चर्बी तेजी से कम होती है।भूख पर नियंत्रणः यह पाचन को तेज करता है, जिससे कब्ज दूर होता है और शरीर का डिटॉक्सिफिकेशनअच्छी तरह होता है। अच्छे पाचन से अनावश्यक भूख कम होती है, जो वजन कम करने में मदद करता है।

भुजंगासन पेट की मांसपेशियों को टोन करेः यह आसन पेट और पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों को मजबूत करता है, जिससे पेट की चर्बी पर प्रेशर पड़ता है और वह धीरे-धीरे कम होती है। मेटाबॉलिज्म सुधारे यह पाचन अंगों को सक्रिय करता है, जिससे पाचन क्रियातेजहोती है और पूरे शरीर का मेटाबॉलिज्म (चयापचय) सुधरता है, जो वजन घटाने के लिए जरूरी है। इन योगासनों को रोज सिर्फ 10 मिनट करने से आप अपनी कोर स्ट्रेंथ बढ़ा सकती हैं, पीठ दर्द कम कर सकती हैं और पेट की चर्बी को तेजी से कम कर सकती हैं।

## जानें 'सायटिका' के लक्षण और उपाय

# पीठ से लेकर पैर तक होने वाले दर्द को नजरअंदाज मत कीजिए, आपको हो सकता है 'सायटिका' भी

सायटिका नर्व पीठ के पिछले हिस्से से शुरू होती है और प्रत्येक पैर के पीछे तक जाती है। यह नर्व घुटने के निचले और पैर के पिछले हिस्सों को नियंत्रित करती है। इन नसों में जहां-जहां सूजन होती है, वहां-वहां दर्द होता है। अक्सर महिलाओं को कमर में दर्द होता है, जिसको वे नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन कई बार यह किसी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है।

शरीर का दर्द कई बार असहनीय होता है, लेकिन महिलाएं इसे नजरअंदाज कर देती हैं। कई बार शरीर का यह भयंकर दर्द 'सायटिका' हो सकता है। वैसे तो सायटिका एक सामान्य समस्या है, लेकिन इसे गंभीरता से लेना जरूरी है, क्योंकि इसमें पैर और लोअर बैक सुन्न पड़ सकते हैं और आपको कमजोरी महसूस हो सकती है। पैरों में दर्द या सायटिका का लक्षण प्रायः 40 साल की उम्र के बाद दिखाई देता है, लेकिन आजकल बदलती जीवन-शैली ने कम उम्र में भी लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ता है।

### क्यों होता है सायटिका?

किसी भी मरीज को सायटिका का दर्द तब होता है, जब सायटिका तंत्र पर दबाव पड़ता है या इसकी क्षति होती है। सायटिका



नर्व पीठ के पिछले हिस्से से शुरू होती है और प्रत्येक पैर के पीछे तक जाती है। यह नर्व घुटने के निचले और पैर के पिछले हिस्सों को नियंत्रित करती है। इन नसों में जहां-जहां सूजन होती है, वहां-वहां दर्द होता है। सायटिका का दर्द कभी भी नसों के दबने से नहीं होता, बल्कि नसों के बीच गद्दों में भरे जेल के निकलने से होता है। नसों के दबने से पैरों में कमजोरी होती है, लेकिन महसूस नहीं होती है।

### उम्र भी एक कारण

सायटिका का दर्द उम्र के साथ बढ़ता है, क्योंकि यह अधिक उम्र के साथ होने वाली समस्या है। लेकिन कभी-कभी कम उम्र में इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कई बार शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने से भी इस तरह के दर्द का सामना करना पड़ता है।

### दिखते हैं ये लक्षण



सायटिका में तेज दर्द के अलावा शुरुआती दिनों में झनझनाहट और जलन होती है। साथ ही दर्द अक्सर एक तरफ होता है, जो पिंडलियों और पैर के तलवे में होता है। सायटिका से पीड़ित व्यक्ति के पैर में कमजोरी महसूस होती है। खड़े होने और बैठने में दर्द महसूस होता है। दिन के एक निश्चित समय के दौरान खांसने-छींकने पर भी दर्द हो सकता है।

### करें ये उपाय

यह दर्द आपके लिए ज्यादा परेशानी खड़ी न करे, इसके लिए आप हमेशा गद्देदार बिस्तर का इस्तेमाल न करें। साथ ही रोजाना एक्सरसाइज करें। सायटिका से बचने के लिए रीढ़ की हड्डी का लचीला होना जरूरी है,



इसलिए रीढ़ की एक्सरसाइज जरूर करें। दर्द की शुरुआत में भी कड़े व्यायाम शुरू न करें, इससे आपको परेशानी हो सकती है। आप हल्के व्यायाम शुरू करें और उन्हें जारी रखें।

### सर्दियों में खास ख्याल

सर्दियों के मौसम में सायटिका की परेशानी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में आपको धूप सेंकना चाहिए, खुद को ढक कर और गरम रखने की कोशिश करनी चाहिए। कम उम्र में इस तरह की समस्या खुद भी ठीक हो जाती है, लेकिन 90 दिन की फिजियोथेरैपी से मरीज को राहत मिलती है।

### व्यायाम और खान-पान

डॉ. अनुपम सचान वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ के मुताबिक सायटिका का दर्द कई मरीजों के लिए असहनीय तो जरूर होता है, लेकिन उचित खान-पान और व्यायाम से इस मुश्किल से बचा जा सकता है। नियमित व्यायाम करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

## सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए गुड़ का सेवन

सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए गुड़ का सेवन किया जाता है। अगर रोटी के साथ गुड़ खाया जाए, तो यह कॉम्बिनेशन हमारी बॉडी को कई बीमारियों और कई तरह के खराब बैक्टीरिया से बचाने में भी हेल्प करता है।

इसमें मौजूद प्रोटीन, विटामिन-बी 6, थियामिन, विटामिन-ई जैसे पोषक तत्व प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी उपयोगी हैं। इसके अलावा, ये आपको फ्लू से भी दूर रखता है और किसी भी अन्य तरह के इंफेक्शन को होने से भी रोकता है।

### गुड़ और रोटी से कब्ज की परेशानी होगी दूर

गुड़ में आइसोटीन और सोर्बिटोल, मैंगनीज, फोलेट आदि मौजूद होते हैं, जो तत्व कब्ज को दूर करने और पाचन तंत्र में सुधार करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, इसका सेवन करने से आपकी आंत भी हेल्दी रहती हैं।

अगर आपको कब्ज और अन्य पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाना है, तो रोजाना रोटी के साथ छोटा गुड़ का सेवन करें या फिर गुड़ का इस्तेमाल चाय बनाने या मीठे व्यंजन के लिए करें।



### गुड़ और रोटी हड्डियों को करें मजबूत

रोटी के साथ गुड़ का सेवन करने से हड्डियों की सेहत में सुधारभी होता है, क्योंकि इसमें फोलेट और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। ये हड्डियों को मजबूत और स्वास्थ्य को बनाए रखने का काम करते हैं।

इसके अलावा, यह कॉम्बिनेशन प्रोटीन, विटामिन-बी 6, थियामिन,विटामिन-ई से भी भरपूर है, जो हड्डी को किसी भी तरह का नुकसान से बचाता है। इस फायदे के लिए भी आप गुड़ और रोटी को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

### दिल को रखे हेल्दी

गुड़ में एंटीऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा होती है, जो दिल के स्वास्थ्य में फायदेमंद है। अगर आप नियमित रूप से इसे अपने आहार में शामिल करते हैं तो यह आपके दिल के लिए बहुत लाभदायक है, क्योंकि यह एंटीऑक्सीडेंट बैक्टीरिया से लड़ता है और दिल के स्ट्रोक से भी बचाता है। इसके अलावा, यह आपके बैड फैट को भी नियंत्रित करता है। आप गुड़ के पेस्ट बनाकर रोटी पर लगा सकते हैं, जिसकी मदद से रोटी को मजेदार बनाया जा सकता है। हालांकि, इन सभी फायदों के अलावा भी रोटी के साथ गुड़ खाने के और भी कई फायदे हैं, लेकिन अगर आपको कोई बीमारी है, तो आपको इसका नियमित रूप से सेवन करने से पहले किसी डॉक्टर से जरूर सलाह लेनी चाहिए।

## घर के सामने अनार का पेड़ लगाना शुभ या अशुभ



वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में पेड़-पौधों को लगाने के ज्योतिष महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। जिससे शुभ परिणाम मिल सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में लगे पेड़-पौधों के ज्योतिष महत्व के बारे में बताया गया है। पेड़-पौधों को देवी-देवताओं का दर्जा दिया गया है। इसे घर में लगाने से सुख-समृद्धि और धन-संपदा का वास होता है। साथ ही माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा भी प्राप्त होती है। वहीं घर में कई लोग तरह-तरह के पेड़-पौधों को लगाते हैं, ताकि किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। अब ऐसे में सवाल यह है कि अनार का पेड़ घर के सामने लगाना शुभ माना जाता है या अशुभ। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### घर के सामने जरूर लगाएं अनार का पेड़

वास्तु एक्सपर्ट के हिसाब से घर के सामने अनार का पेड़ जरूर लगाएं। अनार के पेड़ में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी (मां लक्ष्मी मंत्र) का वास होता है और इसे घर के सामने लगाने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही धन-धान्य में भी वृद्धि हो सकती है। ऐसी मान्यता है कि जिस घर में अनार का पेड़ लगा होता है, वहां कभी धन की कमी नहीं होती है। इसलिए अनार का पेड़ जरूर लगाएं।

### आग्नेय दिशा में लगाएं अनार का पेड़

घर के आग्नेय दिशा में अनार का पेड़ जरूर लगाएं। ऐसा कहा जाता है कि इस दिशा में लगाने से वंश वृद्धि हो सकती है ।



## खरमास में भूलकर भी तुलसी के पास न रखें ये चीजें, रूठ सकती हैं माता लक्ष्मी

हिंदू धर्म में तुलसी का पौधा बेहद शुभ माना जाता है और इससे भगवान श्रीहरि विष्णु की कृपा भी बनी रहती है। सनातन धर्म में तुलसी के पौधे को बेहद शुभ और पवित्र माना जाता है। लगभर सभी के घरों में तुलसी का पौधा होता है। ऐसा माना जाता है कि जिस भी घर में तुलसी का पौधा होता है, उसके घर में कभी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आती है और उस घर में हमेशा बरकत होती है।

वहीं वास्तु शास्त्र में तुलसी का पौधा रखने के कुछ खास नियम बताए गए हैं। जिनका पालन न किया जाए, तो व्यक्ति को परेशानियां झेलनी पड़ सकती है और इससे घर में कंगाली भी आती है। वहीं खरमास भी अब जल्द ही शुरू होने वाला है। इस बार 16 दिसंबर 2025 से 14 जनवरी 2026 तक खरमास रहेगा। इस दौरान सभी शुभ कार्यों पर रोक लगा दी जाती है, लेकिन पूजा-पाठ करने की कोई मनाही नहीं है। ज्योतिष शास्त्र में तुलसी के पास कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें खरमास के दौरान रखना अशुभ माना जाता है। अब ऐसे में आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### खरमास के दौरान तुलसी के पास न रखें पूजन सामग्री

खरमास के समय तुलसी के पास कभी भी पूजन सामग्री



को नहीं रखना चाहिए। इसे पौधे से दूर रखकर ही पूजा-पाठ करना शुभ माना जाता है, वरना इससे माता लक्ष्मी क्रोधित हो सकती हैं और व्यक्ति को कभी आर्थिक लाभ नहीं मिलता है।

### तुलसी के पास न रखें शिवलिंग

तुलसी के पास कभी भी शिवलिंग को न रखें। क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि पूर्व जन्म में तुलसी का नाम वृंदा था, जो जालंधर नाम के एक राक्षस की पत्नी थी। इस राक्षस का अंत भगवान शिव ने किया था, तभी भगवान शिव को तुलसी दल से दूर रखा जाता है।

### तुलसी के पास कांटेदार पौधे न लगाएं

तुलसी के पास कांटेदार पौधों को गलती से नहीं रखना चाहिए। ये राहुदोष उत्पन्न करते हैं और इससे तुलसी जी नाराज हो सकती है। इसलिए इस बात का विशेष ध्यान रखें।

### तुलसी के पास जूते-चप्पल न रखें

तुलसी के पास जूते-चप्पल नहीं रखना चाहिए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। तुलसी के पास झाड़ू भी नहीं रखना चाहिए। इससे घर में कंगाली आती है और सुख-शांति भी चली जाती है।

### खरमास में तुलसी को न लगाएं सिंदूर

खरमास में तुलसी को भूलकर भी सिंदूर (सिंदूर के उपाय) न लगाएं। क्योंकि इस दौरान सभी शुभ कार्य वर्जित माना जाता है।

### खरमास में तुलसी के पत्ते न तोड़ें

खरमास में तुलसी के पत्ते तोड़ने से बचना चाहिए। ऐसा करने से अशुभ परिणाम मिलते हैं और भगवान विष्णु (भगवान विष्णु मंत्र) क्रोधित हो सकते हैं।



कार्नर न्यूज

## शास्त्रों में भी बताया गया है ब्रह्ममुहूर्त का लाभ

# ब्रह्ममुहूर्त में उठना माना जाता है सर्वोत्तम, इसका महत्व और इस दौरान जागने के हैं ढेर सारे लाभ

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार ब्रह्ममुहूर्त वो समय होता है जब देवता धरती पर आते हैं और उस वक्त सभी धार्मिक स्थलों के पट खोल दिए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि रात्रि 12 बजे से प्रातः 4 बजे तक आसुरी और गुप्त शक्तियों का प्रभाव रहता है। ब्रह्ममुहूर्त में यानी 4 बजे के बाद ईश्वर का वास होता है।

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार ब्रह्ममुहूर्त वो समय होता है जब देवता धरती पर आते हैं और उस वक्त सभी धार्मिक स्थलों के पट खोल दिए जाते हैं। ब्रहम मुहूर्त में देवताओं को नमन किया जाता है। उन्हें स्नान करवाकर स्थापित करने का विधान है। रिसर्च की मानें, तो प्रातः काल उठने से हमारा तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं और शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। यही कारण है कि हमारी प्राचीन परम्पराओं में सुबह उठने का समय भी तय किया गया है।

### क्या है ब्रह्ममुहूर्त

'ब्रह्म मुहूर्त', यानी कि रात्रि का अंतिम प्रहर या सूर्योदय से डेढ़ घंटे पहले का समय। सूर्योदय से चार घड़ी (लगभग डेढ़ घण्टे) पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में ही जग जाना चाहिये। इस समय सोना शास्त्र निषिद्ध है। ब्रह्म का मतलब परम



तत्व या परमात्मा। मुहूर्त यानी अनुकूल समय। रात्रि का अंतिम प्रहर अर्थात प्रातः 4 से 5.30 बजे का समय ब्रह्म मुहूर्त कहा गया है।

### ब्रह्म मुहूर्त का महत्व

ब्रह्म मुहूर्त में उठना हमारे जीवन के लिए बहुत लाभकारी है। इससे हमारा शरीर स्वस्थ होता है और दिनभर स्फूर्ति बनी रहती है। ऋग्वेद में कहा गया है कि-प्राता रत्नं प्रातरित्वा दधाति तं चिकित्वान्प्रतिगृह्या नि धत्ते । तेन प्रजां वर्धयमान आयू रायस्पोषेण सचते सुवीरः ॥अर्थात प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व उठने वाले को उत्तम स्वास्थ्य रत्न की प्राप्ति होती है, इसलिए बुद्धिमान उस समय को व्यर्थ नहीं खोते। प्रातः जल्दी उठने वाला पुष्ट, स्वस्थ्य, बलवान, सुखी, दीर्घायु और वीर होता है। हमारे ऋषि मुनियों ने भी इस मुहूर्त का विशेष महत्व बताया है। उनके अनुसार यह समय निद्रा त्याग के लिए सर्वोत्तम है। ब्रह्म मुहूर्त में उठने से सौंदर्य, बल, विद्या, बुद्धि और स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है।

### ब्रह्म मुहूर्त में जागने के फायदे

ब्रह्म मुहूर्त में तम और रजो गुण की मात्रा बहुत कम होती हैं। इस समय सत्वगुण का प्रभाव अधिक होता हैं इसलिए इस काल में बुरे मानसिक विचार भी सात्विक और शांत हो जाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार इस समय में बहने वाली वायु चन्द्रमा से प्राप्त अमृत कणों से युक्त होने के कारण हमारे स्वास्थ्य के लिए अमृत तुल्य होती है।

यह वीरवायु कहलाती हैं। इस समय भ्रमण करने से शरीर में शक्ति का संचार होता है और शरीर कांतियुक्त हो जाता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सक्विड गेम' एक्टर ओह यंग-सू यौन हुए बरी, प्लेयर नंबर 001 को कोर्ट से मिली राहत

'सक्विड गेम' के पहले सीजन के एक्टर ओह यंग-सू को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। यौन उत्पीड़न केस में उन्होंने राहत की सांस ली है। कोर्ट ने पर्याप्त सबूत ना होने पर



एक्टर को आरोपों से बरी कर दिया है। 81 साल के एक्टर के खिलाफ महिला ने अनुचित तरीके से गले लगाने और गाल पर Kiss करने का इल्जाम लगाया था।

दुनिया की सबसे फेमस वेब सीरीज 'सक्विड गेम' के पहले सीजन के एक्टर ओह यंग-सू चर्चा में है। उन्होंने इस शो में प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाया था। उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज हुआ था। इस मुकदमे में उन्होंने राहत की सांस ली है। साउथ कोरियाई अदालत ने पर्याप्त सबूत ना होने के आधार पर एक्टर को यौन उत्पीड़न के आरोप से बरी कर दिया है। अदालत में जजों के पैनल ने पाया कि मामले में अभियोजकों की तरफ से पेश किए गए सबूत ये साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं थे कि एक्टर ओह यंग-सू दोषी थे। अभियोजकों के पास अब अपील करने और मामले को देश के सर्वोच्च न्यायालय में ले जाने के लिए एक हफ्ते का समय है, जहां अंतिम फैसला सुनाया जाएगा। फैसले के पलटने के बाद एक्टर ने अदालत से बाहर निकलते समय मीडिया से बात की और अदालत के 'बुद्धिमानी भरे फैसले' के लिए धन्यवाद दिया। ओह यंग-सू 81 साल के हैं। साल 2024 में एक्टर को एक महिला को अनुचित तरीके से गले लगाने का दोषी ठहराया गया था। आरोप लगाने वाली महिला ने साल 2021 में शिकायत दर्ज कराई थी कि 2017 में एक्टर ने उनका हाथ पकड़कर उनके गाल पर जबरदस्ती किस किया था।

### टॉलीवुड

## 'रिबेल' सॉन्ग से शुरू होगी फिल्म 'द राजा साब' की म्यूजिकल जर्नी, आएगा प्रभास का गाना

साउथ स्टार प्रभास की आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' की रिलीज का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। वहीं आज इस फिल्म की म्यूजिकल



जर्नी को लेकर फिल्म के कलाकार प्रभास ने एक खास अपडेट शेयर किया है। हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। प्रभास की इस फिल्म की रिलीज से पहले निर्माताओं ने फिल्म की म्यूजिकल जर्नी शुरू करने का फैसला किया है। जिसे लेकर प्रभास ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी शेयर की है।

प्रभास ने आगामी कॉमेडी हॉरर फिल्म 'द राजा साब' से अपना एक धासूं लुक शेयर किया। इस पोस्टर में प्रभास डांस स्टेप करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ प्रभास ने बताया कि इस फिल्म का संगीतमय सफर 23 नवंबर को 'रेबेल साब' गाने के साथ शुरू होगा। प्रभास की इस पोस्ट पर संदीप वांगा रेड्डी ने लिखा, 'रेबेल साब' 'द राजा साब' एक भारतीय तेलुगु भाषा की रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म को मारुति द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। इस फिल्म में प्रभास के अलावा संजय दत्त, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और ऋद्धि कुमार मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा जनवरी 2024 में की गई थी। फिल्म का संगीत थमन एस ने तैयार किया है। यह फिल्म दुनिया भर में 9 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली है, जो कि संक्रांति का दिन है। इस पैन इंडिया फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

### बॉलीवुड

## धुरंधर में अजमल कसाब की भूमिका में छत्तीसगढ़ के दलविंदर


निर्देशक आदित्य धर की हालिया रिलीज फिल्म धुरंधर में छत्तीसगढ़ के युवा कलाकार दलविंदर सैनी को अजमल कसाब के किरदार में दर्शक खूब पसंद कर रहे



हैं। यह एक बड़ी स्पाई-एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार हैं। दलविंदर सैनी का जन्म मध्यप्रदेश के सतना में हुआ, लेकिन उनकी परवरिश पूरी तरह दुर्ग, छत्तीसगढ़ में हुई है। दलविंदर ने बताया कि उनके पिता व्यापारी हैं और माँ एक गृहिणी। एक साधारण, शांत ज़िंदगी जीने वाला परिवार है उनका लेकिन कॉलेज के दिनों से उनका रुझान कला जगत की ओर हुआ। उन्होंने बताया कि हुडको भिलाई में पढ़ाई के दौरान कॉलेज के दिनों में एक दोस्त ने उन्हें एक थिएटर डायरेक्टर से मिलवाया। उन्होंने इंटर-कॉलेज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और पहला ही शो उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट बन गया। यहीं से उनका थिएटर सफ़र शुरू हुआ। इसके बाद वे इप्टा भिलाई का हिस्सा बने। बाद में मुंबई पहुँचकर रंगशीला थियेटर ग्रुप से जुड़े। कई वर्कशॉप्स कीं, कई नाटक किए। इस तरह कला के साथ रिश्ता और गहरा होता चला गया। ग्रेजुएशन के बाद दलविंदर पोस्ट-ग्रेजुएशन करने मुंबई गए। यहां उन्होंने पढ़ाई, नौकरी और करियर की तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए अपना सफर जारी रखा। अंततः उन्हें फिल्म धुरंधर में काम करने का मौका मिला। दलविंदर कहते हैं रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे सितारों के साथ स्क्रीन साझा करना उनके लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है।वर्तमान में वह एक बड़ी वेब-सीरीज में अहम किरदार की भोपाल में शूटिंग कर रहे है जो कि बहुत जल्द प्रसारित होगा।

### गुजराती रंग

लाइफ स्टाइल



अपनी चनिया चोली के लिए प्रशंसित गुजरात में फैशन के नाम पर बस इतना ही नहीं है! कढ़ाई की एक विस्तृत श्रृंखला से लेकर विभिन्न हथकरघा बुनाई तकनीकों तक सब कुछ मौजूद है। संपूर्ण ब्लॉक प्रिंटिंग से लेकर टाई और डाई के जटिल कार्यों तक का अभ्यास यहां अब भी होता है। वस्त्रों की समृद्ध श्रृंखला राज्य के विभिन्न समुदायों, जातियों, जनजातियों और क्षेत्रों के लोगों की देन है, जिन्होंने सदियों पुरानी परंपराओं को जीवित रखा है।

## क्रिसमस पार्टी के लिए कैरी करें नया लूक

क्रिसमस के दिन लोग अपने-अपने घरों में पार्टी का आयोजन भी करते हैं। इसको लेकर लड़कियां पहले से ही शॉपिंग शुरू कर देती हैं, लेकिन क्रिसमस का त्योहार महीने के अंत में आता है। ऐसे में ये जरूरी तो नहीं, कि हर कोई नए कपड़े खरीद ही पाए। बहुत से लोग तो समय के अभाव में भी शॉपिंग करने नहीं जा पाते हैं। वैसे अभी क्रिसमस को पखवाड़े भर का वक्त है और लोग तैयारियों में लगे हुए हुए। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप अपने पुराने कपड़ों को ही नए तरीके से कैरी कर सकती हैं। इन टिप्स को अपनाने के बाद आपको नए कपड़े खरीदने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। तो चलिए देर ना करते हुए आपको भी ये टिप्स बताते हैं।

### ड्रेस को ऐसे करें कैरी

क्रिसमस के समय काफी सर्दी पड़ती है, ऐसे में आप अपनी किसी ऐसी शॉर्ट ड्रेस को ब्लेजर के साथ कैरी कर सकती हैं, जो गर्मियों के हिसाब से है। इससे आपको नई ड्रेस खरीदने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी, और आपका लुक स्टाइलिश भी दिखेगा।

### ओवर साइज स्वेटर

अगर आपके पास ऐसा ओवर साइट स्वेटर नहीं है तो आप अपने भाई का स्वेटर कैरी कर सकती हैं। ओवर साइज स्वेटर को आप ड्रेस की तरह कैरी कर सकती हैं। इसके साथ अगर आप बूट्स पहनेंगी तो ये आआपको एकदम परफेक्ट लुक देगा।

### ब्लेजर

आजकल ब्लेजर काफी ट्रेंड में हैं। ऐसे में आप डेनिम शॉर्ट्स या टाइट्स के साथ



ब्लेजर कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप स्पोर्ट्स शूज भी पहनकर अपना जलवा दिखा सकती हैं।

### क्रॉप टॉप और जींस

अगर आप पार्टी में ग्लैमरस लुक कैरी करना चाहती हैं तो क्रॉप टॉप और जींस के साथ डेनिम जैकेट कैरी करें। डेनिम जैकेट लगभग हर लड़की के पास होती है। इसे पहनते वक्त पूरी तरह से बंद ना करें। इससे आपकी क्रॉप टॉप भी अच्छे से दिखाई देगी।

## एथलेजर वियर है स्टाइल का नया नाम, जानिए इसे कैरी करने के आसान टिप्स



एथलेजर वियर स्टाइल का वो नया नाम है, जो लुक को नए तरह से डिफाइन कर रहा है। इस स्टाइल में वो कपड़े शामिल होते हैं जो दो लुक का कॉम्बो होते हैं। एथलेजर वियर जिम में पहने जाने वाले वो कपड़े होते हैं, जो साथ में कैजुएल वाला लुक भी देते हैं। मतलब इन कपड़ों को आप जिम के साथ कैजुएल मौकों पर भी पहन सकते हैं। इन कपड़ों को बॉलीवुड स्टार्स ने तो दिल से स्वीकार कर लिया है लेकिन बाकी लोग अभी भी इसे पूरी तरह से अपना नहीं पाए हैं।



इस स्टाइल को अपनाने के लिए आपको कुछ बातें ध्यान रखनी होंगी, तब आपके लिए इसे स्टाइल में शामिल करना आसान होगा।

### स्टाइल भी आराम भी

ऐसा नहीं कि जिम वियर आरामदायक नहीं होते हैं। वो आरामदायक होते हैं लेकिन उन्हें आप कैजुअल वियर के तौर पर नहीं पहन सकते। एथलेजर वियर के साथ फायदा यह है कि इसे पहनकर आप कैजुअल मौकों पर भी स्टाइल में रह सकते हैं। इन कपड़ों में स्टाइल मिलेगा वो अलग। ये कपड़े आपको दो मौकों के लिए तैयार कर देते हैं, वो भी आराम और स्टाइल के साथ।



### लेयरिंग का मिले साथ

स्टाइलिंग पर ध्यान देने वाले लोगों के लेयरिंग बहुत काम आती है। इस लुक पर कॉटन या लेनिन की जैकेट अच्छी लगेगी। जैकेट के साथ प्रिंटेड शर्ट पहनिए। गर्मी में लेयरिंग आजमाने के लिए आपको फैब्रिक का सिलेक्शन बहुत सोच-समझकर करना होगा।

### तीन जरूरी प्वाइंट

एथलेजर वियर पहनने से पहले उससे जुड़े तीन प्वाइंट्स पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि यही तीन इसकी खासियतें भी होती हैं।

## साफ करने के बाद भी विंटर जैकेट से बदबू आ रही है तो इन आसान टिप्स को करें दूर

अगर साफ करने के बाद भी विंटर जैकेट से बदबू आ रही है तो इन घरेलू चीजों के इस्तेमाल से बदबू को चुटकी में गायब कर सकते हैं। लैवेंडर ऑयल एक ऐसी चीज है, जिसके इस्तेमाल से जैकेट से लेकर स्वेटर और अन्य गर्म कपड़े को सुगंधित बना सकते हैं। अगर आपको लैवेंडर ऑयल पसंद नहीं हैं, तो आप किसी अन्य एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले पानी में डिटर्जेंट पाउडर को डालकर अच्छे से घोल लें। अब इसमें 1/2 चम्मच लैवेंडर ऑयल को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

इसके बाद जैकेट को घोल में डालकर 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें। 25 मिनट बाद जैकेट को रगड़कर साफ कर लें और धूप में रख दें। खाना बनाने या घर की सफाई के लिए आपने एक बार नहीं, बल्कि कई बार बेकिंग सोडा का इस्तेमाल किया होगा। ऐसे में आपको बता दें कि बेकिंग सोडा के इस्तेमाल से जैकेट से आने वाली बदबू को भी आसानी से दूर कर सकते हैं। व्हाइट विनेगर का इस्तेमाल कई लोग क्लीनिंग में करते हैं।



ऐसे में इसके इस्तेमाल से विंटर जैकेट से आने वाली बदबू को भी आसानी से दूर किया जा सकता है। इसके लिए आपको अधिक मेहनत भी करने की ज़रूरत नहीं है। फॉलो करें ये स्टेप्स- इसके लिए 2-3 लीटर ठंडे पानी में 1-2 चम्मच व्हाइट विनेगरको डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब मिश्रण में साफ जैकेट को डालकर लगभग 20-25 मिनट के लिए छोड़ दें। 25 मिनट बाद जैकेट को निचोड़कर धूप में रख दें।

## आईब्रो की ग्रोथ बढ़ाने के देसी नुस्खे, जो सिर्फ एक महीने में दिखाएंगे असर!

घनी और सुंदर आईब्रो चेहरे की खूबसूरती को और निखार देती हैं, लेकिन आजकल स्ट्रेस, पोषण की कमी, बार-बार थ्रेडिंग और केमिकल प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल की वजह से आईब्रो हेयर पतले होने लगी हैं। कई लोग महंगे सीरम या ट्रीटमेंट की ओर रुख करते हैं, लेकिन देसी नुस्खे सही तरीके से अपनाए जाएं तो वे भी आईरो ग्रोथ में काफी असरदार साबित हो सकते हैं। आयुर्वेद और घरेलू उपचारों में इस्तेमाल होने वाले प्राकृतिक तेल, बीज और पत्तियां आईब्रो के रोमछिद्रों को पोषण देकर नए बाल उगाने में मदद करते हैं। इन देसी उपायों की खासियत यह है कि इनमें साइड इफेक्ट का खतरा कम होता है और इन्हें लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि घरेलू नुस्खों को आजमाने के लिए धैर्य जरूरी है, क्योंकि आईब्रो की ग्रोथ धीरे होती है। अगर आप नियमित रूप से ये घरेलू उपाय अपनाते हैं, तो कुछ ही हफ्तों में आईब्रो घनी और नेचुरल दिखने लगती हैं।

### नारियल तेल

नारियल तेल आईब्रो ग्रोथ के लिए सबसे आसान और सुरक्षित घरेलू उपाय माना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन



ई और फैटी एसिड्स आईब्रो के हेयर फॉलिकल्स को गहराई से पोषण देते हैं। रात को सोने से पहले उंगली या कॉटन बड से आईब्रो पर हल्की मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और कमजोर बालों को दोबारा उगने में मदद मिलती है। नियमित इस्तेमाल से आईब्रो के बाल मजबूत और चमकदार दिखने लगते हैं।

### अरंडी का तेल

अरंडी के तेल में मौजूद ओमेगा-9 फैटी एसिड और प्रोटीन बालों की जड़ों को एक्टिव करते हैं। यह पतली और जगह-जगह से खाली आईब्रो को भरने में मदद करता है। रात में बहुत कम मात्रा में अरंडी का तेल लगाकर हल्की मालिश करें और सुबह सादे पानी से धो लें।

### कार्नर न्यूज

### किस तरह की शर्ट कॉलर सूट करेगी आप पर, चुनाव कीजिए ऐसे

## सिर्फ शर्ट चुनना ही काफी नहीं, कॉलर की डिजाइन भी मायने रखती है आपके स्टाइल पर

शर्ट तो पहनते हैं वो भी महंगी और बेहद स्टाइलिश लेकिन कभी शर्ट के कॉलर के बारे में सोचा है? ये कैसा होना चाहिए, आप पर कैसा लगेगा जैसे सवाल खुद से पूछे हैं, नहीं न। शर्ट देखी, अच्छी लगी और खरीद ली। है न। लेकिन अब जब आप शर्ट खरीदिएगा तो उसके कॉलर पर भी ध्यान दीजिएगा। क्योंकि शर्ट ही नहीं कॉलर भी आपके ऊपर सूट करनी चाहिए। बाजार में एक नहीं कई तरह की कॉलर वाली शर्ट मिल जाती हैं। इनमें से आपके लिए कौन सी बेस्ट है, जान लीजिए और तब ही इसे खरीदिए।

### आपके लिए सही शर्ट कॉलर कौन सी है?

शर्ट की कॉलर चुनना बहुत कठिन काम नहीं है लेकिन इसे देख समझकर ही शर्ट खरीदी जानी चाहिए। ताकि आपकी महंगी शर्ट और लुक दोनों को फुल मार्क्स मिल सकें. कैसे खरीदेंगे ये शर्ट जानिए-

कॉलर की फिटिंग भी जानिए

शर्ट की फिटिंग पर तो आप खूब ध्यान देते होंगे लेकिन क्या कभी इसकी कॉलर की फिटिंग पर ध्यान







दिया है? नहीं दिया होगा। लेकिन बेहतरीन लुक के लिए आपको कॉलर की फिटिंग भी देखनी चाहिए। लेकिन इसे देखें और समझेंगे कैसे?

इसके लिए अपनी दो उंगलियों को कॉलर और गले के बीच डालिए, अगर ये आसानी से चली जाती है तो फिटिंग सही है। इस दौरान सबसे ऊपर कॉलर वाला बटन बंद रखिएगा।

### .सॉफ्ट कॉलर, कैजुअल कॉलर

कॉलर सॉफ्ट भी होती हैं और स्टिफ भी। इनके बीच लुक को लेकर अंतर होता है। कॉलर जितनी सॉफ्ट होगी उसका लुक उतना ही कैजुअल आएगा जबकि स्टिफ कॉलर फॉर्मल लुक देता है। आप इस नियम के साथ शर्ट का चुनाव आसानी से कर सकते हैं। इस तरह से आपका चुनाव परफेक्ट होगा।

### चेहरे के हिसाब से चुनें कॉलर

इस तरह से शर्ट खरीदने को लेकर आपने शायद ही कभी सोचा हो। शायद ही आपको शर्ट नहीं कॉलर के स्टाइल और फिटिंग पर ध्यान दिया हो. लेकिन शर्ट सही और बेस्ट लुकिंग हो इसके लिए आपको कॉलर के बारे में सोचना ही होगा। हालांकि ये बात भी सही है कि आप जैसे स्टाइल में खुद को अच्छा महसूस करें, बस उसे ही चुन लें। लेकिन खुद को स्मार्ट फील देने के लिए आपको चेहरे के हिसाब से शर्ट कॉलर चुनने की सलाह दी जाती है। चुनाव ऐसे करें कि गोल चेहरा है तो पॉइंट कॉलर चुनें ये इस आकार को बैलेंस कर देगी। वहीं चेहरा स्क्वायर है तो टैब और पॉइंट कॉलर अच्छे लगेंगे।

